

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 29 सितंबर 2026 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष -42 ■ अंक-181 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 30 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## भिलाई स्टील प्लांट में स्क्रैप चोरी की अब सीबीआई जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़

दुर्ग ,29 सितंबर। भिलाई इस्पात संयंत्र से जुड़े स्क्रैप चोरी के मामले में अब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच करेगी। विधायक रिकेश सेन की ओर से मामले की केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने की मांग के बीच गृह मंत्रालय की ओर से राजपत्र जारी किए जाने के बाद केस की सीबीआई जांच का रास्ता साफ हो गया है। यह मामला पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में दर्ज है। मामले की शुरुआत 26 मई को हुई कार्रवाई से हुई थी।



दुर्ग पुलिस ने हथखोज इंडस्ट्रियल एरिया स्थित ए.के. ट्रेडर्स नाम की फैक्ट्री में छापा मारा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने करीब 3 करोड़ 20 लाख रुपये कीमत के वाहन और लगभग 90 लाख रुपये मूल्य का 250 टन स्क्रैप बरामद किया था। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद स्क्रैप चोरी से जुड़े नेटवर्क को लेकर जांच आगे बढ़ाई गई और कई लोगों की गिरफ्तारी हुई। स्क्रैप चोरी मामले में दुर्ग पुलिस अब तक 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इनमें संजय सिंह समेत पांच आरोपियों को जमानत मिल चुकी है, जबकि तीन कारोबारियों ने अग्रिम जमानत हासिल की है। मामले में पुलिस की कार्रवाई के बाद अब इसकी जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपे जाने से केस की जांच का दायरा बढ़ गया है। मामले को लेकर विधायक रिकेश सेन की




ओर से लगातार केंद्रीय एजेंसी से जांच कराने की मांग की जा रही थी। उनका कहना था कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए। अब गृह मंत्रालय की ओर से जारी राजपत्र के बाद इस मामले की जांच सीबीआई द्वारा किए जाने की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। सीबीआई जांच में स्क्रैप चोरी से जुड़े पूरे नेटवर्क, बरामदगी और अब तक सामने आए तथ्यों की पड़ताल की जाएगी।




झांकी निकलने के बाद गणेश जी की प्रतिमाओं का महादेव घाट स्थित कुंड में विसर्जन किया गया।

## महानदी जल विवाद: शाह करेंगे साय और माझी के साथ उच्चस्तरीय बैठक

**रायपुर,29 सितंबर।** महानदी जल विवाद के समाधान को लेकर ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच बातचीत अब महत्वपूर्ण दौर में पहुंच गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 1 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की उच्चस्तरीय बैठक होने की संभावना है। इसकी जानकारी ओडिशा के महाधिवक्ता पितांबर आचार्य ने दी है। इसी बीच विधानसभा का मौजूदा सत्र समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के रायपुर आने और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात करने की भी संभावना है। बता दें कि इससे पहले 20 सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भुवनेश्वर में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की थी। इस दौरान दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच छत्तीसगढ़ और ओडिशा के आपसी सहयोग, विकास, जनकल्याण सहित दोनों राज्यों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सौहार्दपूर्ण और सार्थक चर्चा हुई थी। सीएम साय ने महानदी जल विवाद के संबंध में कहा कि लंबे समय से चले आ रहे इस विषय के समाधान की दिशा में अब सकारात्मक वातावरण बना है। छत्तीसगढ़ और ओडिशा, दोनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार है। केंद्र सरकार के सहयोग और दोनों राज्यों की सकारात्मक पहल से इस विषय का बहुत जल्द समाधान निकलने की उम्मीद है।

## ज्ञानेश कुमार के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई को तैयार सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,29 सितंबर।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। शीर्ष अदालत अगले हफ्ते मामले की सुनवाई करेगी। याचिका में आरोप लगाया गया है कि ज्ञानेश कुमार ने भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के नाम पर अन्य दो चुनाव आयुक्तों की मंजूरी के बिना कई फैसले लिए। इस मामले का मंगलवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने उल्लेख किया। इसके बाद सीजेआई ने मामले को अगले सप्ताह सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।क्या है याचिका में आरोप?बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, याचिकाकर्ता राकेश कुमार सिंह ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग में शक्तियों का लगातार केंद्रीकरण हो रहा है। यानी 'एक ही व्यक्ति फैसला ले रहा है।' याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, "कई सदस्यों वाले आयोग का मकसद यह था- और कानून में भी यही लिखा है कि फैसला सर्वसम्मति से या बहुमत से लिया जाए। अब, चुनाव आयोग ने जिस तरह से काम किया है, उसे देखते हुए इस बात पर गंभीर संदेह है कि क्या 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' (एसआईआर) की पूरी प्रक्रिया के लिए चुनाव आयोग ने कोई फैसला लिया भी था या नहीं। क्योंकि अगर आयोग ने सर्वसम्मति से फैसला नहीं लिया है, तो... कोर्ट ने भी जो फैसला सुनाया है, वह इसी आधार पर सुनाया है कि यह आयोग का फैसला है। इसलिए, यह एक गंभीर मामला है।" इस पर सीजेआई ने कहा कि 'मामले को अगले सप्ताह लिस्ट करो।'याचिका में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग एक बहु-सदस्यीय संस्था है। मौजूदा समय में ज्ञानेश कुमार मुख्य चुनाव आयुक्त हैं, जबकि सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी चुनाव आयुक्त हैं। कानून के मुताबिक, तीनों के बीच किसी मुद्दे पर सहमति नहीं होने की स्थिति में फैसला बहुमत के आधार पर लिया जाना है। याचिका में विशेष गहन पुनरीक्षण (यानी एसआईआर) को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। इसमें कहा गया है कि अगर आयोग ने इस पूरी प्रक्रिया पर सर्वसम्मत फैसला नहीं लिया था, तो इस पर गंभीर संवैधानिक सवाल खड़े होते हैं।याचिका में दावा किया गया है कि 28 अक्टूबर 2025 से 14 अगस्त 2026 के बीच दोनों चुनाव आयुक्तों ने कथित तौर पर कम से कम 14 अलग-अलग आपत्तियां दर्ज की थीं। ये आपत्तियां ऐसे कदमों को लेकर थीं जिन्हें निर्वाचन आयोग की मंजूरी के बिना आयोग के नाम पर उठाया गया था।'एक व्यक्ति आयोग की सामूहिक शक्ति का इस्तेमाल नहीं कर सकता'याचिका में कहा गया है कि संविधान और 2023 के कानून के तहत निर्वाचन आयोग को एक बहु-सदस्यीय संस्था के रूप में जो शक्ति दी गई है, उसका इस्तेमाल अगर वास्तव में एक ही पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा दूसरे सदस्यों की भागीदारी के बिना किया जाता है, तो यह गंभीर संवैधानिक सवाल खड़ा करता है।



## 22 महीने से अटकी सहायता राशि हाईकोर्ट ने तहसीलदार को फटकारा

**बिलासपुर,29 सितंबर।** शिवनाथ नदी में डूबने से पति की मौत के बाद सहायता राशि के लिए दिया गया आवेदन करीब 22 महीने तक लंबित रखने पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बोदरी तहसीलदार की कार्यशैली पर नाराजगी जताई है. कोर्ट ने इतने लंबे समय तक आवेदन पेंडिंग रखने पर सिस्टम पर सवाल उठाए. कोर्ट ने कहा है, किसी अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत होने के बाद उसका नियमानुसार निराकरण करना दायित्व है. उसे अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रखा जा सकता. कोर्ट ने तहसीलदार को बिलासपुर की अंजू सिंह के आवेदन पर सुनवाई का अवसर देकर 15 दिन में निर्णय लेने का निर्देश दिया है. याचिका के अनुसार याचिकाकर्ता के पति रविशंकर सिंघरौले 14 अक्टूबर 2024 की रात करीब आठ बजे शिवनाथ नदी के रेलवे पुल के पास नहाते समय गहरे पानी में डूब गए थे. उनकी मौत के बाद अंजू ने 21 नवंबर 2024 को बोदरी तहसीलदार के समक्ष सहायता राशि के लिए आवेदन दिया. आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत किए गए, लेकिन आवेदन पर फैसला नहीं हुआ. सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से भी कहा गया कि आवेदन के साथ जरूरी दस्तावेज हैं और तहसीलदार को ही इसका निराकरण करना है. कोर्ट ने कहा कि 21 नवंबर 2024 का आवेदन अब तक लंबित रखना "अत्यंत आश्चर्यजनक" और आपत्तिजनक है. कोर्ट ने तहसीलदार को 15 दिन में निर्णय लेकर आदेश की प्रति शपथपत्र सहित न्यायिक रजिस्ट्रार के समक्ष प्रस्तुत करने कहा.

## पत्नी ने नहीं रखा करवा चौथ का व्रत तो तलाक लेने हाईकोर्ट पहुंचा पति

**बिलासपुर,29 सितंबर।** वैवाहिक विवाद से जुड़े मामले में फैमिली कोर्ट द्वारा पति के पक्ष में तलाक की डिक्री मंजूर करने के आदेश को हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है. पति की ओर से तर्क दिया गया था कि पत्नी करवा चौथ का व्रत बीच में ही तोड़ देती थी और कहती थी कि जब उसे साथ रहना ही नहीं है, तो व्रत का क्या फायदा? जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की डिवीजन बेंच ने पत्नी की अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि पत्नी पर क्रूरता और परित्याग के आरोप साबित नहीं होते हैं.

महासमुंद निवासी दंपती की शादी 10 दिसंबर 2011 को गुरुद्वारा में हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी. पति का आरोप है कि पत्नी कुछ महीनों बाद विवाद करने लगी थी. वह सास-ससुर का आदर नहीं करती थी. अक्सर बिना बताए या बिना पर्याप्त कारण के मायके चली जाती थी. पति ने यह भी कहा था कि पत्नी धार्मिक नियमों का पालन नहीं करती थी और करवा चौथ का व्रत बीच में ही यह कहकर तोड़ देती थी कि जब उसे साथ नहीं रहना, तो व्रत रखने से क्या फायदा. इसके अलावा पति ने पत्नी पर आईपीसी की धारा 498-ए के तहत झूठा आपराधिक मामला दर्ज कराने और घरेलू हिंसा का केस दर्ज कराने को मानसिक क्रूरता बताया था. पत्नी ने कहा वह हमेशा अपने वैवाहिक जीवन को बचाने और निभाने के लिए पूरी तरह तैयार रही है. उसने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग की जाती थी और मांग पूरी न होने पर उसे शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना दी जाती थी. उसने बताया कि 2 जुलाई 2018 को जब वह रसोई में थी, तब सास और देवरानी ने पैसे लाने की बात को लेकर उसके साथ मारपीट की और पति ने उसके बाल पकड़कर एक कमरे में बंद कर दिया, जिससे उसका एक दांत भी टूट गया था. वह किसी तरह वहां से निकलकर गुरुद्वारा पहुंची और परिजनों व पुलिस को सूचना दी. मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने कहा- वैवाहिक जीवन मे उतार-चढ़ाव, मतभेद और छोटे झगड़े क्रूरता नहीं हैं. पत्नी ने परेशानी के दौरान पुलिस में शिकायत की तो इसे भी क्रूरता तभी मानी जाएगी, जब क्रूरता आचरण इतना गंभीर हो कि साथ रहना मुश्किल हो जाए. मामले में पति के आरोप सामान्य किस्म के थे

### बाइक स्टंट पर हाईकोर्ट सख्त

बिलासपुर हाईकोर्ट ने सड़क और हाईवे पर बढ़ती खतरनाक बाइक स्टंट और रेसिंग जैसी गतिविधियों को लेकर सरकार को बड़ा निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि ऐसी गतिविधियों पर सिर्फ रोक लगाना ही काफी नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करने और जोखिम नियंत्रित करने के लिए साफ व्यवस्था भी जरूरी है। पुलिस के एफिडेविट में सामने आई घटनाओं का भी कोर्ट ने उल्लेख किया। कोर्ट ने राज्य सरकार को छह सप्ताह में अब तक की कार्रवाई और आगे की योजना की जानकारी देने को कहा है। कोर्ट ने सार्वजनिक सड़कों पर होने वाले स्टंट और ऐसे कार्यक्रमों से जुड़े जोखिम को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाने पर जोर दिया है।

## नेपाल में बाढ़ व भूस्खलन,27 की मौत

**काठमांडू,29 सितंबर।** नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जानकारी दी गई है कि 24 सितंबर से 28 सितंबर तक लगातार बारिश के कारण आई बाढ़, भूस्खलन, जलभराव, तेज हवाओं और बिजली गिरने जैसी प्राकृतिक आपदाओं में नेपाल में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए।

प्रधानमंत्री सचिवालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सरकार के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान चार लोग लापता हो गए और मॉनसून से जुड़ी 513 घटनाओं से 1,065 परिवार प्रभावित हुए। इन आपदाओं में 225 घर पूरी तरह और 137 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। सत्ताइस पशुशालाएं और 114 मवेशी भी प्रभावित हुए। सरकार की ओर से कहा गया कि उसने बचाव, राहत और पुनर्वास के प्रयासों को तेज कर दिया है और क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की मरम्मत और सामान्य जीवन बहाल करने के लिए अपनी एजेंसियों को काम पर लगा दिया है। देश भर में बाढ़ और भूस्खलन से हाईवे और मुख्य सड़कों के 147 स्थानों पर नुकसान पहुंचा। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इनमें से 125 जगहों की मरम्मत कर उन्हें फिर से खोल दिया गया है। पश्चिमी नेपाल में बेनी-जोमसोम, पाल्पा, बाग्लुंग और नवलपरासी जिलों के कुछ हिस्सों में भूस्खलन, सड़क धंसने और पुल के एप्रोच (पुल तक पहुंचने वाले रास्ते) को नुकसान पहुंचने के कारण कालीगंडकी कॉरिडोर पर भी यातायात बाधित हुआ है। अधिकारियों का अनुमान है कि सड़क को पूरी तरह बहाल करने में 3 दिन से ज्यादा का समय लग सकता है। बाढ़ से बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। कालीगंडकी, मार्स्यांगडी और सेती-माडी नदी कॉरिडोर में राष्ट्रीय ट्रांसमिशन सिस्टम के जरिए कुल 1,013.2 मेगावाट बिजली की आपूर्ति बाधित हुई।नेशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन एंड मैनेजमेंट अथॉरिटी के अनुसार, बीते महीने 26 अगस्त को आई विनाशकारी बाढ़ के बाद भोटेकोशी और त्रिशूली नदी कॉरिडोर पर बने लगभग एक दर्जन पनबिजली प्रोजेक्ट भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इस बाढ़ में 1,400 से ज्यादा लोगों की जान चली गई और लगभग 5,000 लोग लापता हो गए थे।



## 'राष्ट्रीय पार्टी' में पद दिलाने के नाम पर 82 लाख की ठगी

**बिलासपुर, 29 सितंबर।** राष्ट्रीय पार्टी में बड़ा पद दिलाने और पार्टी में ज्वाइनिंग कराने का झांसा देकर निजी सलाहकार से 82 लाख 63 हजार 194 रुपये की ठगी करने के आरोप में सरकंडा पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन, आधार कार्ड, प्रार्थी के दस्तावेज और बायोडाटा जब्त किए हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार श्री विहार, सरकंडा निवासी चेतन आनंद दुबे की वर्ष 2025 में फेसबुक के माध्यम से निखत परवीन शाबरी उर्फ निकहत शाबरी उर्फ निक्की से पहचान हुई थी। आरोपी ने शुरुआत में प्रार्थी के जमीन विवाद को सुलझाने में मदद का भरोसा दिलाया, जिससे उसका विश्वास बढ़ गया। इसके बाद प्रार्थी की राजनीति में रुचि और बेरोजगारी को आधार बनाकर राष्ट्रीय पार्टी में बड़ा पद दिलाने और पार्टी में ज्वाइनिंग कराने का प्रस्ताव दिया।आरोप है कि पद दिलाने की प्रक्रिया, पार्टी फंड और अन्य औपचारिकताओं के नाम पर महिला ने प्रार्थी से रकम लेना शुरू किया। इसके अलावा उसके दोस्त सतीश अग्रहरी, अंकित पाण्डेय और डॉ. गायत्री गुप्ता के खातों के माध्यम से भी रकम ली गई। पुलिस के मुताबिक अलग-अलग माध्यमों से कुल 82,63,194 रुपये लिए गए।जब प्रार्थी ने पद और रकम के संबंध में जानकारी मांगी तथा पैसे वापस करने की मांग की तो आरोपी ने कथित तौर पर धमकी देना शुरू कर दिया। शिकायत के अनुसार महिला ने झूठे महिला संबंधी मामलों में फंसाने की धमकी भी दी।सरकंडा पुलिस ने अपराध क्रमांक 1376/2026 के तहत धारा 318(4) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। डीआईजी एवं एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देशन में गठित टीम ने मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के झगराखांड और खोंगापानी पहुंचकर स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी को उसके निवास से पकड़ा। जांच में उसके खिलाफ पूर्व के आपराधिक मामलों की जानकारी भी सामने आई है। पुलिस ने मामले में धारा 119(1) बीएनएस भी जोड़ी है।

## 'अंकल जेल में ही बूढ़ा होगा'

### 10 साल की बच्ची के लिए जज ने लिखा खास संदेश

**नई दिल्ली,29 सितंबर।** सात साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में ट्रायल कोर्ट के फैसले के बाद जज ने उसके लिए व्यक्तिगत रूप से एक संदेश लिखा। बच्ची ने अदालत से कहा था कि जिसे वह 'अंकल' कहती थी, उसे तब तक जेल में रखा जाए, जब तक वह बूढ़ा न हो जाए। अब दिल्ली हाई कोर्ट ने निर्देश दिया है कि जज का यह संदेश बच्ची या उसके परिवार तक पहुंचाया जाए। यह मामला 23 जुलाई 2023 का है, जब बच्ची सात साल की थी। अब उसकी उम्र 10 साल है। मामले की सुनवाई के दौरान बच्ची ने अदालत से कहा था कि जिस व्यक्ति को वह 'अंकल' कहती है, उसे तब तक जेल में रखा जाए, जब तक वह बूढ़ा न हो जाए। रोहिणी की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-01 (POCSO) राजनी रंगा ने फैसले के अंत में बच्ची को संबोधित करते हुए एक संदेश लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि अदालत ने उसकी बात सुनी और उसकी अपील स्वीकार की है। जज ने बच्ची को लिखे संदेश में कहा कि जिस व्यक्ति को उसने 'अंकल' कहा था, वह अब आजाद होकर बाहर नहीं आएगा। वह अपनी बाकी जिंदगी जेल में बिताएगा, वहीं बूढ़ा होगा और वहीं उसकी जिंदगी खत्म हो जाएगी।

संदेश में जज ने बच्ची के साहस का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बच्ची अदालत आई, उसने उस व्यक्ति की पहचान की, जिसने उसे नुकसान पहुंचाया और सच बताया।

## छत्तीसगढ़ में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**रायपुर,29 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल हुआ है। राज्य सरकार ने प्रदेश के अलग-अलग जिलों में पदस्थ 125 डिप्टी कलेक्टरों का तबादला कर दिया है। एक साथ बड़ी संख्या में अफसरों के तबादले से प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। सरकार की ओर से जारी तबादला आदेश के बाद अब संबंधित अफसर नई पदस्थापना वाले जिलों में अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। इस फेरबदल के तहत कई अफसरों को मौजूदा पद से हटाकर दूसरे जिलों में नई जिम्मेदारी दी गई है। डिप्टी कलेक्टर स्तर पर हुए इस बड़े प्रशासनिक फेरबदल का असर प्रदेश के विभिन्न जिलों की प्रशासनिक व्यवस्था पर दिखाई देगा। तबादले के बाद जिलों में अफसरों की जिम्मेदारियों और कार्यक्षेत्र में बदलाव होगा।

## 1 से 3 नवंबर तक होगा छत्तीसगढ़ राज्योत्सव

**रायपुर,29 सितंबर।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर एक से तीन नवंबर तक आयोजित होने वाले राज्योत्सव-2026 की तैयारियों को लेकर मंत्रालय महानदी भवन में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्योत्सव और राज्य अलंकरण समारोह की तैयारियों की विभागवार समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को तय समय-सीमा में तैयारियां पूरी करने और विभागीय प्रदर्शनी की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी विभाग 22 अक्टूबर तक अपनी तैयारियों और प्रदर्शनी से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएं। राज्योत्सव को केंद्रीय थीम आधारित स्वरूप में आयोजित करने पर जोर देते हुए उन्होंने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, मानव पूंजी विकास, विकसित भारत और अंजोर छत्तीसगढ़ जैसे विषयों के साथ भविष्य की दिशा और विकास को प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। राज्योत्सव के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से 40 राज्य स्तरीय अलंकरण और पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। बैठक में पुरस्कारों के चयन की प्रक्रिया निर्धारित समय-सारणी के अनुसार पूरा करने के निर्देश दिए गए। संस्कृति विभाग को राज्योत्सव के आयोजन के लिए नोडल विभाग बनाया गया है। राज्य स्तरीय आयोजन नवा रायपुर अटल नगर के ग्राम तूता स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर (मेला ग्राउंड) में प्रस्तावित है।

# कलेक्टर ने बधिर दिवस समारोह में शामिल होकर दृष्टि एवं श्रवणबाधित विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,29 सितंबर।** अंतरराष्ट्रीय बधिर दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम सिंघनपुरी स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवणबाधित विद्यालय में उत्साह, उमंग और आत्मीयता का माहौल रहा। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति विद्यालय पहुंचीं और अंतरराष्ट्रीय बधिर दिवस समारोह में शामिल होकर दृष्टिबाधित एवं श्रवणबाधित विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीयता से मुलाकात कर उन्हें स्नेह एवं दुलार दिया तथा उनकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया।

अंतरराष्ट्रीय बधिर दिवस के अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को सामने लाने के लिए रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी कल्पनाशीलता और कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में कमलेश्वरी ने प्रथम तथा हिमांशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में भावेन्द्र साहू ने



प्रथम तथा सत्यजीत बंजारे ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। पुरस्कार प्राप्त करते समय विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास नजर आया। कलेक्टर द्वारा उनकी प्रतिभा की सराहना किए जाने से विद्यार्थियों का उत्साह और बढ़ा।कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने विद्यार्थियों को पूरे मनोयोग से अध्ययन करने और अपने जीवन में उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में अपनी अलग प्रतिभा होती है। आवश्यकता है कि उस प्रतिभा को पहचानकर निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ा जाए। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन उनकी शिक्षा और आवश्यक सुविधाओं के लिए हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने का प्रयास करेगा। उन्होंने विद्यालय की आवश्यकताओं के संबंध में भी जानकारी ली और विद्यार्थियों के हित में आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि वे आगामी दिनों में पुनः विद्यालय पहुंचकर उनसे रूबरू होंगी। उनके इस आश्वासन से विद्यार्थियों और शिक्षकों में भी उत्साह देखने को मिला।अंतरराष्ट्रीय बधिर दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए केवल प्रतियोगिता और पुरस्कार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्हें यह विश्वास दिलाने वाला अवसर बना कि उनकी प्रतिभा को पहचान और सम्मान देने के लिए समाज एवं प्रशासन उनके साथ है। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति की आत्मीयता, प्रोत्साहन और सहयोग के आश्वासन ने विद्यार्थियों के हौसले को नई मजबूती दी। रंगोली और पेंटिंग के रंगों में उभरी इन विशेष विद्यार्थियों की प्रतिभा ने यह संदेश दिया कि अवसर और प्रोत्साहन मिले तो हर प्रतिभा अपनी अलग पहचान बना सकती है। मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी, केसव ध्रुव सिविल सर्जन, अनुपमा तिवारी डीपीएम, अभिलाषा पांडा उपसंचालक समाज कल्याण, देवकुमार कौशिक अधीक्षक, लक्ष्मी चंद्रा प्रशिक्षित शिक्षक, जागेश्वरी चंद्रा उच्च वर्ग शिक्षक, मनहरण यादव प्रशिक्षित शिक्षक, पत्रिका कोसले श्रवण बाधित शिक्षक, राजू महोबिया श्रवण बाधित शिक्षक, धनंजय श्रवण बाधित शिक्षक , आरती लांझे श्रवण बाधित शिक्षक एवं संस्था के कर्मचारीगण उपस्थित रहे । आभार अधिक्षक देव कोशिक ने किया ।

## एक नजर

### युवती ने खुदकुशी की



**दुर्ग, 29 सितंबर।** दुर्ग मोहन नगर थाना क्षेत्र में शंकर नगर में एक युवती ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली युवती पिछले करीब दो वर्षों से सीआईएसएफ जवान के साथ लिव-इन रिलेशन में रह रही थी घटना के बाद पुलिस ने शव को मरच्युरी में रखवा दिया है आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है मामले पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है मोहन नगर की है मृतका की पहचान अंजली जगदीश घोड़ेश्वर (26 साल) के रूप में हुई है वह पिछले करीब दो वर्षों से भिलाई में पदस्थ सीआईएसएफ जवान करण सिंह के साथ लिव-इन में रह रही थी बताया जा रहा है कि करीब 15 दिन पहले ही दोनों शंकर नगर की गली नंबर-10 में किराए पर रहने आए थे इसी दौरान अंजली ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगा ली घटना की जानकारी मिलने पर मोहन नगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर मरच्युरी में रखवाया है मृतका मूलत उल्लासनगर महाराष्ट्र की रहने वाली थी पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है मंगलवार को दुर्ग पहुंचने के बाद शव को सौंपा जाएगा पुलिस फिलहाल आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है युवती के साथ रहने वाले सीआईएसएफ जवान और मकान मालिक समेत आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद घटना से जुड़े अन्य तथ्यों का पता चल सकेगा।

### सड़क पर सामान रखकर कारोबार करने वालों पर निगम ने की कार्रवाई



**भिलाई, 29 सितंबर।** आयुक्त सुरुचि सिंह के निर्देश पर शहर में अवैध कब्जे और सड़क बाधित करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र के सुपेला मजार के सामने नवीन पानी टंकी के पास सड़क पर सामान रखकर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों के खिलाफ निगम की टीम ने कार्रवाई की। नवीन पानी टंकी के सामने कुछ दुकानदारों द्वारा दुकानों का फर्नीचर एवं अन्य सामान सड़क पर रखकर कारोबार किया जा रहा था। इससे सड़क का एक हिस्सा बाधित होने के साथ राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। सड़क पर सामान फैलाकर व्यवसाय किए जाने से यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जोन-1 के राजस्व विभाग एवं बेदखली टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क पर रखे फर्नीचर और अन्य सामान को हटवाया गया तथा निगम की टीम ने सामान जब्त करने की कार्रवाई की। साथ ही दुकानदारों को समझाइश दी गई कि सार्वजनिक सड़क और आवागमन वाले स्थान पर सामान रखकर व्यवसाय न करें। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क आम नागरिकों के आवागमन के लिए है। सड़क पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने अथवा आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## बोरीगारका (पाऊवारा) में श्रीराम कथा का शुभारंभ,कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,29 सितंबर।** दुर्ग जिले के ग्राम बोरीगारका (पाऊवारा) में धर्म ज्योति सनातन सेवा समिति, दुर्ग ग्रामीण श्रीराम कथा का आयोजन भव्यता और श्रद्धा के साथ शुभारंभ हुआ। इस पावन अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पंडित श्री युवराज पांडेय जी की उपस्थिति में श्रद्धालुओं का अपार उत्साह देखने को मिला।

**भव्य कलश यात्रा से हुई शुरुआत** - कथा शुभारंभ से पूर्व ग्राम की अधिष्ठात्री देवी माता शीतला मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन करते हुए भाग लिया। कलश यात्रा में लगभग 500 से 1000 श्रद्धालु शामिल हुए, जो पूरे गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए बोरी के खेल मैदान स्थित कथा स्थल पहुंचे। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते नजर आए। जय श्री राम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

विधि-विधान से हुआ पूजन -कलश यात्रा के पश्चात





विशाल पंडाल में वेदी पूजन और व्यास पीठ पूजन विधि-विधान से संपन्न हुआ। इसके बाद आचार्य पंडित श्री युवराज पांडेय जी ने श्रीराम कथा का विधिवत शुभारंभ किया।

**आचार्य जी का भव्य स्वागत** - कथावाचक पंडित श्री युवराज पांडेय जी के आगमन पर ग्रामवासियों ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया तथा आतिशबाजी भी की गई। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री माननीय ताम्रध्वज साहू जी ने माला पहनाकर आचार्य श्री का स्वागत-सम्मान किया।पूरे आयोजन में ग्रामवासियों का उत्साह और भक्ति देखते ही बन रहा था। यह धार्मिक आयोजन न केवल आध्यात्मिक रूप से बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी ग्राम को समृद्ध कर रहा है। कथा 4 अक्टूबर तक प्रतिदिन आयोजित होगी। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, कमलेश गजपाल,योगनारायण गजपाल, वेदनारायण साहू,रामसिंह सोनबोइर, सरपंच बोरीगारका चुम्मन यादव, जागेश्वर साहू, राजेश साहू गिरीश साहू, दुस्यंत साहू, दुलरवा सोनबेर, कुलेश्वर जांगड़े सहित समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

## नगपुरा विद्युत वितरण केंद्र के ग्रामों की बिजली कटौती सहित अन्य समस्याओं को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,29 सितंबर।**जिला मुख्यालय के नागपुर विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत बोरई, दामोंदा ,खुरसीडीह,खुरसुल, भेंडारवनी, पोटिया सहित अनेक ग्रामों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, समय में सुधार कार्य नहीं होने, बीटवाइस कार्यक्षेत्र अनुसार लाइन मेन का अभाव से कार्य प्रभावित होने जैसे अनेक समस्याओं के समय रहते निदान की मांगों को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने सहायक यंत्री दुर्ग अविनाश दुबे को ज्ञापन सौंपा गया ।



अवगत हो छत्तीसगढ़ प्रदेश सर प्लस बिजली उत्पादन वाला राज्य होने के बावजूद आम आदमी सरकार की बिजली के मामले में गलत नीति, स्मार्ट मीटर लगाकर ,लगातार विद्युत डर में बेहतशा वृद्धि कर और पूर्ववर्ती भूपेश सरकार की बिजली बिल हाफ योजना को खत्म कर, गरीबों लूटने अपना खजाना भरने में लगी है सुविधाओं का कोई ख्याल नहीं ,हर विद्युत वितरण केंद्र में एक कनिष्ठ यंत्र और इक्का- दुक्का लाइनमैन के शिवाय कोई स्थाई कर्मचारी नहीं होना, पूरा केंद्र का तात्कालिक व आकस्मिक संधारण तथा स्थाई संधारण सब ठेकेदार के भरोसे हो गया है। ताजुब की बात यह है कि बरसात पूर्व होने वाले पेड़ कटाई, पोल ठीक करने, ढीले व जोखिम वाले तारों को व्यवस्थित करने जैसे कार्य आज भी आधे अधूरे होने से दिक्कत आने पर अभी भी करना पड़ रहा है। बिजली विभाग की गलती का खामियाजा आम उपभोक्ताओं को अंधेरे में रहकर भुगतना पड़ रहा है।अंचल की बिजली समस्याओं के समय रहते निदान नहीं होने की स्थिति नगपुरा विद्युत वितरण केंद्र के घेराव की बात विभागीय अधिकारियों से की गई है। जिस पर यथाशीघ्र सुधार कार्य और बोरई बीट से हटाए गए लाइनमैन को पुनः क्षेत्र में लाए जाने का आश्वासन दिया गया है। ज्ञापन सौंपने वालो में प्रमुख रूप से रिवेंद्र यादव पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ दुर्ग,कृष्णा देवांगन उपाध्यक्ष प्रदेश किसान कांग्रेस, कैलाश सिन्हा अध्यक्ष ग्राम विकास समिति बोरई, देवराज चतुर्वेदी, जोन अध्यक्ष अंजोरा मंडल कांग्रेस कमेटी, धनेश देशमुख महामंत्री युवा कांग्रेस,योगेश भारदीय अध्यक्ष ब्लॉक किसान कांग्रेस ,सुखदेव यादव, कमलनारायण देशमुख, लोकेश बंजारे मौजूद रहे।

### चोरी के मामले में युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 29 सितंबर (तछसं.)।** भिलाई रसमड़ा में एक घर की आलमारी से सोने के आभूषण चोरी करने वाले आरोपी को अंजोरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी की सोने के आभूषण बरामद किया गया है अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि प्रार्थी सरोज निषाद (38 साल) निवासी रसमड़ा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके निवास स्थान की आलमारी से अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोने की दो ईयरिंग एवं सोने की एक माला चोरी कर ली गई है रिपोर्ट पर धारा 305 (क) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान अंजोरा चौकी पुलिस द्वारा संदेही पी. विकास राव, (30 साल ) निवासी रसमडा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई पूछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना स्वीकार करते हुए चोरी किए गए आभूषण घर में छिपाकर रखना बताया आरोपी के घर से चोरी किए गए सोने के आभूषण बरामद किया गया है ।



## सोलर रूफटॉप से 11 माह से बिजली बिल शून्य, नागवंशी ने बताया योजना का लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 29 सितंबर।** केंद्र एवं छत्तीसगढ़ शासन की 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' आम नागरिकों के लिए आर्थिक राहत के साथ स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना का लाभ लेकर दुर्ग जिले के सरोजनी नगर ग्राम धनोरा निवासी रामचंद्र नागवंशी ने अपने घर की बिजली जरूरतों को सौर ऊर्जा से पूरा करने का उदाहरण प्रस्तुत किया है। रामचंद्र नागवंशी ने सितंबर 2025 में अपने आवासीय परिसर में 3 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित कराया। सोलर पैनल लगाने के करीब 8 से 10 दिनों के भीतर उन्हें योजना के तहत 1.08 लाख रुपये की सब्सिडी सीधे बैंक खाते में प्राप्त



हुई। नागवंशी के अनुसार, सोलर सिस्टम लगने से पहले उनके घर का औसत मासिक बिजली बिल करीब 1500 से 1600 रुपये आता था। सोलर प्लांट स्थापित होने के बाद पिछले 11 महीनों से उनका बिजली बिल शून्य आ रहा है। उन्होंने बताया कि सितंबर 2025 से अब तक उनके 3 किलोवाट के सोलर प्लांट से करीब 4500 यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ है। इसमें से लगभग 4000 यूनिट अतिरिक्त बिजली नेट मीटरिंग के माध्यम से बिजली विभाग को सप्लाई की जा चुकी है।उन्होंने बताया कि लगातार 11 माह तक बिजली बिल शून्य रहने के बावजूद बिजली विभाग को दी गई अतिरिक्त बिजली के एवज में उनके खाते में करीब 3500 रुपये की क्रेडिट राशि जमा है। यह राशि आगामी बिजली बिलों में नियमानुसार स्वतः समायोजित होगी। नागवंशी ने अपने अनुभव को साझा करते हुए दुर्ग जिले सहित प्रदेश के नागरिकों से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने से बिजली खर्च में कमी के साथ स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलता है और उपभोक्ता अतिरिक्त बिजली का लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं।

## समाचार संक्षेप

### आंगन मिलन सेवा अभियान महम दमोदा,खुर्सीडीह में आयोजित



**उतई, 29 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक पाण्डेय के मार्गदर्शन में तथा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री अजय कुमार साहू,परियोजना अधिकारी श्रीमती ऊषा झा के सहयोग से आंगन मिलन सेवा अभियान अंतर्गत आज सेक्टर रसमड़ा परियोजना दुर्ग ग्रामीण के महम दमोदा, खुर्सीडीह में कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 28/09/26 को किया गया । मुख्य अतिथि रामकली साहू महिला मोर्चा अध्यक्ष, अंजोरा मंडल सरपंच गायत्री साहू, उपसरपंच रूप सिंह देशमुख, सभी पंच की गरिमामय उपस्थिति में हुआ , इसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए महतारी वंदन योजना,, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की हितग्राही, द्वारा राशि के सदुपयोग की जानकारी दी गई। महिलाओं की गोदभराई , छह माह पूर्ण बच्चों का अन्नप्राशन किया गया महिलाओं और बच्चों की कुर्सी दौड़, रंगोली ,प्रतियोगिता का आयोजन, मेहंदी प्रतियोगिता,बच्चों का स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता, रेडी टू ईट के पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शन, पौष्टिक थाली प्रदर्शन, न्यौता भोज,कुपोषित से सुपोषित बनाने हेतु माताओं को सम्मानित किया गया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, मितानिन सम्मान एवं सभी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया।

### आयुक्त सुरुचि सिंह ने अधिकारियों को दिए शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश



**भिलाई, 29 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर निगम भिलाई में नागरिकों की शिकायतों एवं मांगों के निराकरण के लिए प्रत्येक सोमवार को निगम सभागार कक्ष में जनदर्शन का आयोजन सुचारू रूप से चल रहा है। जनदर्शन के माध्यम से नागरिक सीधे निगम अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इसी क्रम में सोमवार को आयोजित जनदर्शन में आयुक्त सुरुचि सिंह, उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे एवं दिनेश कोसरिया की उपस्थिति में नागरिकों ने विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित कुल 15 आवेदन प्रस्तुत किए। नागरिकों ने अपने क्षेत्रों की मूलभूत सुविधाओं सहित विभिन्न विषयों को लेकर निगम अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं।आयुक्त सुरुचि सिंह ने नागरिकों से प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का परीक्षण कर नियमानुसार यथाशीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही संबंधित विभागों को प्रकरणों पर समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निगम प्रशासन द्वारा जनदर्शन के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनके निराकरण की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इससे नागरिकों को अपनी शिकायतों एवं मांगों को निगम प्रशासन तक पहुंचाने के लिए सहज और सीधा माध्यम उपलब्ध हो रहा है।

### सेलूद में महतारी सदन का लोकार्पण, महिला सशक्तिकरण को मिलेगा नया मंच



**भिलाई, 29 सितंबर।** समीपस्थ ग्राम पंचायत सेलूद में नवनिर्मित महतारी सदन का लोकार्पण सोमवार, 28 सितंबर को समारोह में सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने की। इस अवसर पर महतारी सदन की चाबी महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को सौंपी गई। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने बिहान स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को कहा कि महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण परिवार और समाज की प्रगति की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि बिहान समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं संगठित होकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। महतारी सदन महिलाओं के लिए प्रशिक्षण, बैठक, संवाद तथा आजीविका से जुड़ी गतिविधियों का उपयोगी केंद्र बनेगा। अध्यक्षता करते हुए जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि महतारी सदन ग्रामीण महिलाओं के लिए उपयोगी सुविधा साबित होगा। इससे महिला समूहों को अपनी गतिविधियों के संचालन के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। समारोह में जिला भाजपा दुर्ग अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सभापति कल्पना नारद साहू, सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक, जनपद पंचायत सदस्य चंद्रिका चित्रसेन कलिहारी, भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष रानी बन्छोर, सभापति प्रणव शर्मा, ग्राम पंचायत सेलूद के सरपंच खिलेश मारकंडे, निवर्तमान सरपंच खेमिन खेमलाल साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासनिक तैयारियों में पाटन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी महेंद्र जांगड़े एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता यादव की भूमिका रही।

## सेवा संकल्प शिविर में 129 आवेदनों का मौके पर निराकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली,29 सितंबर।** नगरीय निकाय स्तर पर चल रहे सेवा संकल्प शिविर के तहत नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा पुरैना के वार्ड क्रमांक 38 स्टोर पारा, वार्ड क्रमांक 39 एनएसपीसीएल और वार्ड क्रमांक 40 पुरैना बस्ती के नागरिकों के लिए सामुदायिक भवन में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नागरिकों ने अपनी मांगों और शिकायतों से संबंधित 135 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से 129 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर विशेष रूप से मौजूद रहे। वार्ड पार्षद रंजीता बेनुआ एवं पार्वती महानंद सहित जनप्रतिनिधियों ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनीं। प्राप्त आवेदनों में 103 मांग से संबंधित तथा 32 शिकायतों से जुड़े थे। शेष 6 आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से सेवा संकल्प शिविर आयोजित किए जा



रहे हैं। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर निराकरण किया जाएगा। विधायक ने शिविर में पहुंचे नागरिकों से सीधे संवाद किया और निगम द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन भी किया। शिविर के दौरान नागरिकों से चर्चा में आय प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही परेशानियों की जानकारी सामने आई। विधायक को बताया गया कि शिविर में पटवारी मौजूद नहीं हैं। इस पर विधायक ने तत्काल पटवारी से चर्चा कर उन्हें शिविर में उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत मंडल के अधिकारियों से भी चर्चा कर नागरिकों की विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण करने को कहा। शिविर में रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### अप्रेंटिसशिप भर्ती प्रक्रिया आगामी आदेश तक स्थगित

**भिलाई, 29 सितंबर।** नगर निगम भिलाई द्वारा अप्रेंटिसशिप के माध्यम से भर्ती के लिए पूर्व में जारी विज्ञापन को अपरिहार्य कारणों के चलते आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में निगम प्रशासन की ओर से सूचना जारी की गई है। निगम द्वारा जारी सूचना के अनुसार, अप्रेंटिसशिप भर्ती की प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से फिलहाल स्थगित किया गया है। भर्ती प्रक्रिया पुनः प्रारंभ किए जाने अथवा आगे की कार्यवाही के संबंध में निगम की ओर से पृथक से सूचना जारी की जाएगी। निगम प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे भर्ती से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा जारी अधिकृत सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

### वाहन चेंकिंग अभियान चलाया

**भिलाई, 29 सितंबर (तछसं.)।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जिले के चिन्हित ब्लैक स्पॉट एवं ग्रे स्पॉट पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) कौशलेंद्र देव पटेल ने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में पूर्व में घटित सड़क दुर्घटनाओं के समय एवं कारणों का विश्लेषण कर उसी के अनुरूप दिन एवं रात में विशेष चेकिंग पॉइंट लगाए जा रहे हैं इसका उद्देश्य दुर्घटना संभावित समय में तेज गति, शराब सेवन कर वाहन चलाने, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट तथा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी नियंत्रण करना है इसी क्रम में सितंबर माह में आज तक वाहन चेकिंग के दौरान लगभग 11373 वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन योजना से संतराम को मिला आर्थिक संबल



**बलौदबाजार ,29 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन योजना जरूरतमंद श्रमिकों के जीवन में आर्थिक संबल का माध्यम बन रही है। जिले के अहिल्दा निवासी श्री संत राम साहू को योजना के तहत हर महीने ?1,500 की पेंशन प्राप्त हो रही है। श्री साहू इस राशि का उपयोग अपने इलाज एवं स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने में कर रहे हैं। श्री संत राम साहू ने बताया कि नियमित रूप से मिलने वाली पेंशन राशि से उन्हें काफी राहत मिल रही है। बीमारी के दौरान इलाज और दवाइयों पर होने वाले खर्च में यह राशि उनके लिए उपयोगी साबित हो रही है। उन्होंने श्रमिकों के हित में संचालित इस योजना के लिए शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन योजना के माध्यम से पात्र निर्माण श्रमिकों को नियमित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें दैनिक जरूरतों, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक खर्चों को पूरा करने में सहयोग मिल रहा है। यह पहल श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### ग्राम सभा का आयोजन 2 अक्टूबर को,निर्धारित एजेंडा पर होगी चर्चा

**बलौदबाजार ,29 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं उनके आश्रित ग्रामों में 2 अक्टूबर 2026 को ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने ग्राम सभा हेतु समय-सारिणी तैयार कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। ग्राम सभा में शतप्रतिशत गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व सरपंच व पंचो का होगा। ग्राम सभा में ग्राम पंचायत के बजट, विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति एवं प्रगति की समीक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत अपात्र हितग्राहियों पर निर्णय, वीबीजी राम-जी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ शासन द्वारा निर्धारित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की जाएगी। ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जाएगा।

### जिसका धर्म के प्रति रुझान होता है वह कभी रास्ता नहीं बदलता-मौलिक प्रभसागर

**राजनांदगांव 29 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिसका धर्म की प्रति रुझान रहता है वह कैसी भी परिस्थिति आ जाये अपना रास्ता नहीं बदलता। हमें धर्म के प्रति आस्था रखनी चाहिए। धर्म ही हमारे संस्कार का आधार है। उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य मौलिकप्रभ सागर जी ने व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में आज मुनि श्री मौलिकप्रभ सागर जी ने फरमाया कि हम 20 साल पुरानी बातें भी याद रखते हैं लेकिन धर्म की बातें हम भूल जाते हैं। हम धर्म की बातों को आखिर क्यों याद नहीं रखते। हम अपने जीवन में झूठ काफी बोलते हैं। कदम-कदम पर झूठ बोलते हैं। आखिर हमारा संस्कार क्या कहता है हम सच का सामना क्यों नहीं कर पाते हमें सच का सामना करना होगा और सत्य को ही अपनाना होगा तभी हम उज्जवल भविष्य का सपना साकार कर पाएंगे। मुनि श्री मौलिकप्रभ जी ने कहा कि हमें झूठ बोलने से बचना चाहिए। सत्य में बड़ी ताकत होती है। सत्य से श्रद्धा,समझ और श्रेष्ठ आचरण का निर्माण होता है। यही हमारे लक्ष्य की ओर बढ़ने का रास्ता भी है। आप श्रद्धा,समझ और श्रेष्ठ आचरण के साथ क्रियाएं करो। आपके स्वभाव में समता एवं सद्भाव आये तभी आप इस जीवन में सफल होंगे।



# बाढ़ पीड़ित किसानों को मुआवजा दे और धान खरीदी भी करे सरकार:माहेश्वरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा 29 सितंबर।** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बीच क्षेत्र की नदियों में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए भाटपारा के पूर्व विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी सुनील माहेश्वरी ने बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर जमीनी हालात का जायजा लिया। बाढ़ पीड़ितों के साथ भाजपा सरकार को उदारता एवं संवेदनशीलता दिखाना होगा। कृषक प्रताप निषाद ने बताया की किसानों के फसल का राजस्व के अधिकारियों के द्वारा मुआवजा प्रकरण बनाया जाता है लेकिन जो किसान मुआवजा लेते हैं उनका सरकार धान खरीदी नहीं करती । इस पर माहेश्वरी ने कहा कि बाढ़ के बाद फसल में जो बिमारी आती है, उसके दवाई छिड़काव में ही मुआवजा से ज्यादा राशि लग जाती है। अतः शासन एवं प्रशासन संवेदनशील होकर ऐसी व्यवस्था बनाएं कि किसानों को पर्याप्त मुआवजा भी मिले और उनके फसल की खरीदी भी की जाए।

श्री माहेश्वरी स्वयं पानी में चलकर के ग्राम दौरंगा और कुलीपोटा के ग्रामीणों से संपर्क किया। साथ ही किसान नेता विवेक अग्रवाल द्वारा 2 क्विंटल से अधिक उपलब्ध कराए गए सब्जी को ग्राम के सरपंच हेमू निषाद के द्वारा नाव के माध्यम से गांव तक पहुंचाकर वितरण करवाया। साथ ही सुनील माहेश्वरी ने संपूर्ण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि आम नागरिक प्रशासनिक अधिकारियों से अपील की है की वे सभी यथासंभव तन मन एवं धन से बाढ़ पीड़ितों को सहयोग करें। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में से ग्राम कुलीपोटा पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा किया। ग्रामीणों ने बताया की गांव में सामुदायिक भवन और स्कूल में अतिरिक्त कमरे की कमी से बाढ़ के समय सुरक्षित रूप से राहत कैंप में रहने में बहुत परेशानी आती है। श्री माहेश्वरी ने आगे कहा कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के शिवनाथ नदी के किनारे बसे हुए लगभग 10 से अधिक ग्रामों में हर दो-तीन वर्षों में बाढ़ के कारण जनता परेशान रहती है। उनकी परेशानियों को स्थाई रूप से काम किया जाए इसके लिए सरकार के द्वारा कभी भी स्थाई समाधान नहीं निकाला जाता। बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में जनसंपर्क के समय प्रमुख रूप से प्रदेश किसान कांग्रेस के महामंत्री विवेक अग्रवाल सरपंच हेमु निषाद,उपसरपंच गौकरण निषाद,प्रताप निषाद,संतोष ध्रुव,हीरा ध्रुव,अशोक ध्रुव,अमरसिंग , बिरझू बैगा,बलराम कृष्णा,गणेश,दिलहरण सरपंच दौरेगा भगवान सिंह,मन्नू साहू,तुलेराम साहू,मंशाराम पाल आदि लोग उपस्थित थे ।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम करें : कलेक्टर

■ कलेक्टर ने माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में क्वांर नवरात्रि मेले में यात्रियों की सुविधा एवं कानून व्यवस्था के संबंध में ली बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 29 सितंबर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में क्वांर नवरात्रि पर्व के अवसर पर 11 अक्टूबर 2026 से डोंगरगढ़ स्थित माँ बम्लेश्वरी मंदिर में आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों को लेकर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों की सुविधा, सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल, स्वच्छता, पार्किंग तथा कानून व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता बघेल, पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि नवरात्रि पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु डोंगरगढ़ पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, मंदिर ट्रस्ट तथा सामाजिक संस्थाओं की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समय-सीमा में तैयारियां पूर्ण करने तथा स्वयं मौके पर जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रामदरबार चौक से डोंगरगढ़ की ओर पदयात्रियों के आवागमन को व्यवस्थित करने के लिए पृथक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पैदल यात्रियों और वाहनों के बीच पर्याप्त दूरी बनाए रखने के लिए मजबूत बैरिकेडिंग करने कहा गया। वन विभाग से उपलब्ध बांस सामग्री का आकलन कर पुलिस विभाग से समन्वय करते हुए आवश्यकतानुसार अस्थायी बैरिकेडिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। मोतीपुर से अछोली डोंगरगढ़ तक पदयात्रियों के लिए बनाए गए मार्ग एवं डिवाइडर की आवश्यक मरम्मत 7 से 10 दिनों में पूर्ण करने कहा गया। खैरागढ़ एवं महाराष्ट्र की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के मार्गों का भी निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने श्रद्धालुओं के लिए मार्ग में निर्धारित स्थानों पर सेवा पंडाल व्यवस्थित रूप से स्थापित करने तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ समन्वय सुनिश्चित करने कहा। प्रत्येक पंडाल में स्वच्छता, पेयजल, प्राथमिक उपचार, प्रकाश व्यवस्था एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए। पंडालों में अनधिकृत पोस्टर-बैनर नहीं लगाने तथा प्रशासन एवं पुलिस के नियंत्रण कक्ष के संपर्क नंबर प्रमुखता से प्रदर्शित करने कहा। पंडालों के आसपास पर्याप्त संख्या में डस्टबिन रखने और नियमित साफ सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की स्वच्छता एवं गुणवत्ता पर खाद्य एवं स्वास्थ्य विभाग को निगरानी रखने तथा पेयजल की नियमित गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करने कहा गया। पूरे यात्रा मार्ग एवं पंडालों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के साथ विद्युत सुरक्षा की भी जांच कर आवश्यक मरम्मत समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करते हुए पंडालों के बीच उचित दूरी पर एम्बुलेंस की तैनाती तथा प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया। पदयात्रियों के पैरों में छाले सहित सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के उपचार के लिए आवश्यक पट्टी एवं प्राथमिक चिकित्सा सामग्री उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए। प्रमुख स्थानों पर स्वास्थ्य दलों की उपलब्धता तथा आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ लाइसेंस प्राप्त अस्पतालों से भी आवश्यक सहयोग लेने कहा गया। कलेक्टर ने मंदिर परिसर में संचालित रोपवे की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक रोपवे ट्रॉली के साथ जिम्मेदार कर्मचारी की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## छोटे से गांव से लेखन और शोध की नई पहचान: कमल दास महंत की पुस्तक का उपमुख्यमंत्री ने किया विमोचन



■ ग्राम छिंद, सारंगढ़ के लेखक ने हनुमान चालीसा की 40 चौपाइयों का किया वैज्ञानिक ढंग से विश्लेषण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सारंगढ़ 29 सितंबर।** ग्राम छिंद के लेखक एवं स्वतंत्र शोधकर्ता कमल दास महंत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में उनकी पुस्तक हनुमान चालीसा का रहस्यमयी विज्ञान का विमोचन छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव द्वारा किया गया। पुस्तक में हनुमान चालीसा की 40 चौपाइयों का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विश्लेषण किया गया है। लेखक ने धार्मिक काव्य में वर्णित विचारों को विज्ञान, गणित और खगोल विज्ञान की अवधारणाओं के माध्यम से समझाने का प्रयास किया है। इसमें सूर्य की पृथ्वी से दूरी से संबंधित चौपाई का विश्लेषण भी शामिल है। ग्राम छिंद से अपनी लेखन और शोध यात्रा आगे बढ़ाने वाले कमल दास महंत की यह पुस्तक परंपरागत साहित्य को जिज्ञासा, अध्ययन और विचार-विमर्श के दृष्टिकोण से देखने का प्रयास है। पुस्तक हनुमान चालीसा का रहस्यमयी विज्ञान कल से Amazon, Flipkart तथा अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी।

## आपसी रंजिश में चाकू से जानलेवा हमला पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदबाजार ,29 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन, में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना पलारी पुलिस टीम द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले 02 आरोपियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

घटना का विवरणः- मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी कृपाल पटेल (निवासी अर्जुनी बल्दाकछार, थाना कसडोल) द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 26.09.2026 की रात्रि लगभग 10:00 बजे वह अपने दोस्त कमलेश निषाद के साथ मोटरसाइकिल से लौट रहा था। ग्राम खैरी और धमनी के बीच जुड़वा तेंदू के पास उसका मित्र हिरावन यदु मिला, जिससे वे बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी गांधी शंकर केवट अपने साथी राजेश कुमार निषाद के साथ मोटरसाइकिल (॥स्र डीलक्स) से वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश व चखना दुकान की बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। इसी बीच आरोपी गांधी शंकर केवट ने जान से मारने की नीयत से अपनी जेब से चाकू निकालकर हिरावन यदु के पेट पर वार कर दिया तथा आरोपी राजेश निषाद ने डंडे से मारपीट की। घटना के पश्चात दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल हिरावन यदु को तत्काल इलाज हेतु जिला अस्पताल बलौदाबाजार में भर्ती कराया गया।

पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं गिरफ्तारीः- घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना पलारी में अपराध क्रमांक 387/2026 धारा 296,109(1),118(1), 3(5) ब्नहस् के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पलारी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों की पतासाजी कर दिनांक 27.09.2026 को हिरासत में लिया गया। ?आरोपियों से पूछताछ एवं मेमोरेंडम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त चाकू एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्र. छ्त्र 04 स्ब्न 0146 विधिवत जप्त किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा घटित करना पाए जाने पर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## जल जन सेवा संकल्प यात्रियों का राजनांदगांव में युवा संवाद आज

■ ऑडिटोरियम में गुजरात से आए सेवा यात्रियों से रूबरू होंगे युवा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी होंगे शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 29 सितंबर।** गुजरात से प्रारंभ होकर विभिन्न क्षेत्रों में जनसेवा और सेवा संकल्प का संदेश लेकर निकली जल जन सेवा संकल्प यात्रा का आज राजनांदगांव में आगमन होगा। यात्रा के अवसर पर गौरव पथ स्थित ऑडिटोरियम में प्रातः 9 बजे युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी मधुसूदन यादव ने बताया कि कार्यक्रम में गुजरात से आए सेवा यात्री युवाओं से संवाद करते हुए अपनी यात्रा के अनुभव, सेवा कार्यों तथा समाजहित में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा करेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि युवा संवाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव एवं सांसद संतोष पांडे विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल होकर युवाओं को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सेवा, सामाजिक सहभागिता और जनकल्याण के कार्यों से जोड़ना तथा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी व्यापक रूप से समाज तक पहुंचाना है। गुजरात से आए सेवा यात्रियों द्वारा यात्रा के उद्देश्य और इसके माध्यम से दिए जा रहे सेवा एवं जनजागरण के संदेश को भी युवाओं के साथ साझा किया जाएगा। युवा संवाद के पश्चात जल जन सेवा संकल्प यात्रा शहर भ्रमण करेगी। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत किया जाएगा तथा इसके बाद यात्रा दुर्ग की ओर प्रस्थान करेगी। महापौर एवं प्रभारी मधुसूदन यादव एवं जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने राजनांदगांव के युवाओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं सेवा कार्यों से जुड़े नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर युवा संवाद कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## पुलिस ने दो जगह छापेमारी कर जुआ खेलते 6 जुआरियों को किया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदबाजार ,29 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन, में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध जुआ, सट्टा एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिमगा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 24.09.2026 की रात्रि मुखबिर सूचना पर अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही करते हुए ताश की पत्तियों पर रुपए-पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे कुल 06 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा गया है। कार्यवाही 01ः (ग्राम किरवई मवेशी बाजार)- थाना सिमगा गश्ती टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम किरवई मवेशी बाजार में बिजली के खंभे की रोशनी में कुछ लोग ताश की पत्तियों से रुपये-पैसे का दांव लगाकर 'काटपत्ती' नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा गवाहों के साथ मौके पर रेड कार्यवाही की गई, जिसमें 03 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपीगण के कब्जे एवं फड़ से नगदी रकम ?2,540/- एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया। अपराध क्रमांकः 418/2026, धारा 3(2) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022।

पकड़े गए आरोपीः 1. जितेंद्र साहू पिता मदन लाल साहू, उम्र 27 वर्ष, साकिन दामाखेड़ा, थाना सिमगा 2. मुकेश कुमार साहू पिता गणेशराम साहू, उम्र 33 वर्ष, साकिन तुमा, थाना चंदनु, जिला बेमेतरा। 3. त्रिभुवन गेंढरे पिता साधराम गेंढरे, उम्र 32 वर्ष, साकिन मुनरबोड़, थाना बेमेतरा, जिला बेमेतरा।

कार्यवाही 02ः (ग्राम दामाखेड़ा साप्ताहिक बाजार)- इसी क्रम में पुलिस टीम को दूसरी मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम दामाखेड़ा के साप्ताहिक बाजार में बिजली खंभे की लाइट के उजाले में कुछ लोग ताश पत्ती से जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई, जहां 03 जुआड़ी काटपत्ती जुआ खेलते पकड़े गए। आरोपियों के कब्जे व फड़ से नगदी रकम ?2,550/- एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया। अपराध धारा 3(2) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022।

पकड़े गए आरोपीः 1. शंकर लाल सोनवानी पिता बड़कू सोनवानी, उम्र 43 वर्ष, साकिन दामाखेड़ा, थाना सिमगा 2. रेवाराम सोनवानी पिता धनवार सोनवानी, उम्र 30 वर्ष, साकिन दामाखेड़ा, थाना सिमगा 3. ठाकुर राम साहू पिता गेंदलाल साहू, उम्र 24 वर्ष, साकिन किरवई, थाना सिमगा

कुल जप्तीः- दोनों कार्यवाहियों में जुआरियों के कब्जे से कुल नगदी रकम ?5,090/- एवं 104 पत्ती ताश जप्त कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत विधिवत कार्यवाही की गई है।

बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की आम जनता से अपील है कि क्षेत्र में जुआ, सट्टा या किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल दृष्टि हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 पुलिस को दें, सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

# सेवा संकल्प अभियान में छात्रों का चित्रकला एवं भाषण में उत्कृष्ट प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**तिल्दा नेवरा 29 सितंबर।** विकासखंड तिल्दा - बी.एन.बी. शास.उच्च माध्यमिक विद्यालय तिल्दा नेवरा में सेवा संकल्प अभियान के तहत मेरे सपनों का भारत की कल्पना को प्रदर्शित करते हुए ,विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है।इसी संदर्भ में आज तिल्दा विकास खण्ड में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शालाओ के छात्र छात्राओं द्वारा चित्रकला एवं भाषण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में पार्षद रानी सौरभ जैन, बी जे पी शहर उपाध्यक्ष सौरभ जैन, एसएमडीसी अध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा जी, बीईओ श्री एल. डी. सिन्हा सर, एबीओ श्री ज़ाहिरे जी, बीआरसीसी श्री देवेंद्र ठाकुर जी, उपस्थित रहे .उक्त कार्यक्रम मे 39 विद्यार्थी भाषण मे प्राथमिक स्तर पर और 54 विद्यार्थी उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषण मे सहभागिता किये।चित्रकला प्रतियोगिता मे 41 विद्यार्थी प्राथमिक स्तर पर और 60 विद्यार्थी उच्च प्राथमिक स्तर पर सहभागिता किये।संस्था के प्राचार्य डॉ आर के चंदानी जी ने छात्रों द्वारा प्रदर्शित सेवा संकल्प और सपनों के भारत के विचार को सराहा तथा विकसित भारत के संकल्प को चरितार्थ करने पर अपने विचार रखे। वार्ड पार्षद रानी सौरभ जैन ने बच्चों द्वारा प्राथमिक स्तर और उच्च प्राथमिक स्तर पर बनाए गए चार्ट और चित्रकला को बहुत ही सहारा तथा कहा कि यह नन्हे मुन्ने बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं और उन्होंने भारत के भविष्य को अपने चित्रों में पिरोया है। साथ ही शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री नरेंद्र शर्मा जी ने बच्चों द्वारा दिए गए धारा प्रवाह भाषण को बहुत ही रोचक ढंग से प्रस्तुत करने पर उन्हें धन्यवाद दिया तथा उनके द्वारा बनाए गए सेवा के 25 वर्ष और आने वाले सपनों के 25 वर्ष के भारत को जिस ढंग से चित्रित किया है ,यह निश्चित ही बच्चे हमारे देश को बहुत आगे ले जाएंगे ।विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री लीलाधर सिन्हा ने कहा यह नन्हे मुन्हे बच्चे भारत देश के भविष्य हैं इन्होंने भारत की संकल्पना को चित्रों और अपने भाषण के माध्यम से व्यक्त किया वह बहुत ही सराहनीय है। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री लीखेश्वर जाहिरे ने बच्चों की इस तरह की प्रतिभा को सामने लाने का जो प्रयास किया गया है वह निश्चित ही सराहनीय है इन बच्चों ने चित्र और भाषण के माध्यम से अपने भारत की संकल्पना को प्रस्तुत किया है। कार्यक्रम में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक देवेंद्र ठाकुर ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक के बच्चों को हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा की आप बच्चों ने जो भारत की संकल्पना और भारत में हो चुके विभिन्न कार्यों को प्रस्तुत किया है वह निश्चित ही काबिले तारीफ है। कार्यक्रम में विकासखंड स्त्रोत विकासखंड संकुल समन्वयक कैलाश बघेल ,लखेश्वर ,लेख राम सोनी ,कौशल, हिमाचल चौबे, नरोत्तम ध्रुव तथा समस्त संकुल समन्वयक शिक्षक शिक्षिकाओ का बहुत ही सराहनीय सहयोग रहा तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को हृदय से धन्यवाद दिया कि उन्होंने अपने विद्यालय की प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विकासखंड में लाकर उनकी प्रतिभा को सामने लाने का प्रयास किया ।कार्यक्रम मे डाक्टर लक्ष्मण साहू और सागर पंजवानी,सौरभ जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे ।पार्षद रानी सौरभ जैन ने बच्चौ को पेन वितरित कर उनका उत्साह बढाया ।आधार शिला विद्यालय ने सभी बच्चो को बिस्किट वितरित किया ।कार्यक्रम का संचालन नरोत्तम ध्रुव जी ने किया साथ ही उनका सहयोग तुलसीराम सार्लिक राम वर्मा और उनके आसपास के संकुल समन्वयक ने दिया। छात्रों को अपने विचारों और चित्रों के माध्यम से सेवा संकल्प, विकसित भारत की कल्पना को विकासखंड के पश्चात् जिला स्तर पर लेजाने की शुभकामनाएं दिये।

## बैठक से साबित किया फैसला मिलकर लेते हैं...

चुनाव आयोग के तीनो सदस्यों के बीच किसी बात की असहमति को कड़ा विरोध मानकर माहौल बनाया जा रहा था कि चुनाव आयोग ने अब तक जो फैसले लिए हैं, वह गलत हैं,वह अवैध हैं।चुनाव आयोग के यह साफ कर देने के बाद भी विपक्ष मानने को तैयार नहीं था कि तीनों ने सारे फैसले कुछ बातों पर असहमत होते हुए भी आम सहमति से लिए गए हैं।देश में मांग भी की जा रही थी कि चुनाव आयोग को विज्ञप्ति जारी करने की जगह तीनों चुनाव आयुक्तों को बैठक लेकर साफ कर देना चाहिए कि उनके बीच कुछ बातों को लेकर असहमति होती है और वह निर्णय लेने की प्रक्रिया का हिस्सा है लेकिन अंतिम फैसला आमसहमति से लिया जाता है यानी कि फैसले के कागज पर तीनों नहीं तो दो के दस्तखत होते ही हैं। यानी कानूनी तौर पर चुनाव आयोग ने जो फैसले लिए हैं वह सही तरीके के लिए गए हैं।तीनों चुनाव आयुक्त ने एक बैठक लेकर यह साबित किया है कि उनके बीच असहमति हो सकती है लेकिन जब भी वह कोई फैसला करते हैं तो आमसहमति से करते है और संयुक्त बैठक में फैसलों की जानकारी देते भी हैं।

शनिवार को हुई चुनाव आयोग में बैठक आमसहमति से लिए गए फैसलों की जानकारी तीनों ने दी है और तीनों के बीच किसी तरह के विरोध को पूरी तरह खारिज कर दिया है।एसआईआर को लेकर चल रहे विवाद पर तीनों की बैठक में बताया गया है कि एसआईआर से सभी आदेश तीनों आयुक्तों की मंजूरी के बाद जारी किए गए हैं।फार्म ६ में किए गए बदलावों को उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा है।जिन लोगों के नाम एसआईआर में कट गए हैं,उनके दावे व आपत्तियों की समयसीमा बढ़ाई गई है।यानी उनके नाम जोड़े जाएंगे।इसके लिए लोगों को चुनाव आयोग के दफ्तर नहीं आना होगा,बीएलओ उनके घर जाकर दस्तावेज लेंगे।इसके अलावा वोटर लिस्ट में भी नाम जोडे जाएंगे।चुनाव आयोग अपने बैठकों का सभी एजेंडा पहले से साझा करेगा।यह तमाम फैसले तीनों आयुक्त ने लिए है और तीनों ने बैठक में बताए हैं।यानी विपक्ष ने जो सवाल उठाए तीनों आयुक्तों ने बैठक में जवाब दे दिया है और साबित कर दिया है कि विपक्ष जो कुछ कह रहा है या प्रचारित कर रहा है,वह सही नहीं है।यानी राहुल गांधी व विपक्ष जिस नरैटिव के गुब्बारे में दो दिन से हवा भर रहे थे और उसे गंभीर मुद्दा बताने का प्रयास कर रहे थे, उसकी हवा चुनाव आयोग की बैठक के बाद निकल गई है।

वर्ष 1993 के पहले चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त ही हुआ करते थे,इसलिए चुनाव आयोग में किसी मुद्दे पर असहमति का सवाल ही नहीं होता था लेकिन १९९३ के बाद चुनाव आयोग को तीन सदस्यीय संस्था बनाया गया तो माना तो यही गया था कि उनके बीच किसी मुद्दे पर असहमति हो सकती है, इसलिए यह नियम बनाया गया था कि यदि किसी मुद्दे पर असहमति तो फैसला दो के बहुमत से लिया जाए। वर्ष 1993 में चुनाव आयोग को स्थायी रूप से तीन सदस्यीय संस्था बनाए जाने के बाद से ही उसके भीतर मतभेद सामने आते रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषन और निर्वाचन आयुक्त एम.एस. गिल तथा जी.वी.जी. कृष्णमूर्ति के बीच तीखे मतभेद हुए थे। साल 2009 में मुख्य चुनाव आयुक्त एन. गोपालस्वामी ने निर्वाचन आयुक्त नवीन चावला को हटाने की सिफारिश राष्ट्रपति से की थी।2019 में निर्वाचन आयुक्त अशोक लवासा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता की शिकायतों पर आयोग के बहुमत से अलग राय दर्ज की थी।ऐसे में आज यदि दो निर्वाचन आयुक्त किसी प्रक्रिया पर टिप्पणी या आपत्ति दर्ज करते हैं यह कोई संवैधानिक संकट है, कोई ऐसा मानता है तो यह इतिहास और कानून दोनों की जानबुझकर की गई अनदेखी है। इस बार हुआ क्या है? इस बार चुनाव आयोग के अनुसार, निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े कुछ निर्णयों पर पिछले दस महीनों में कम-से-कम 14 बार आपत्तियां या टिप्पणियां दर्ज कीं। आयोग ने इसे स्वीकार किया है,इसे आंतरिक विचार-विमर्श का हिस्सा बताया है तथा कहा है कि अंतिम निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए।

यह समझने वाली बात यह है कि असहमति दर्ज करने का मतलब फैसले में शामिल नहीं होना नहीं लेकिन यह समझने व समझाने का प्रयास किया गया। यदि किसी संस्था में सवाल पूछने की अनुमति ही न हो तो वह संस्था मजबूत नहीं मानी जाती है लेकिन सवाल पूछे जाने के बाद कानून के मुताबिक अंतिम फैसला हो, उसका रिकॉर्ड रहे और उस फैसले को चुनौती देने की वैधानिक व्यवस्था हो तो लिए गए फैसले को गलत नहीं कहा जा सकता।

यहां यह सवाल उठना भी स्वाभाविक है कि चुनाव आयोग के फैसलों का मुल्यांकन उनके मतभेदों के आधार पर क्यों किया जा रहा है। चुनाव आयोग के फैसलों का मूल्यांकन तो उसके परिणाम से किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग ने २०२५ के बाद जो चुनाव कराए हैं। क्या निष्पक्ष नहीं थे, क्यों पिछले चुनावों से बेहतर नहीं थे, क्या पिछले चुनावों से ज्यादा लोगों ने वोट नहीं डाले।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में 67.13 प्रतिशत मतदान 1951 के बाद राज्य में सबसे अधिक रहा। महिला मतदाताओं की भागीदारी 71.78 प्रतिशत रही। कहीं कोई पुनर्मतदान नहीं कराया गया और एसआईआर के बाद मतदाता सूची में गलत तरीके से नाम जोड़ने या हटाने के संबंध में कोई अपील प्राप्त नहीं हुई।2026 में तमिलनाडु में लगभग 85.05 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। केरल में 78.03 प्रतिशत मतदान हुआ, जो पिछले विधानसभा चुनाव से अधिक था। असम में 85.38 प्रतिशत और पुडुचेरी में 89.83 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश ने विधानसभा चुनावों में अपने अब तक के सर्वोच्च मतदान का रिकॉर्ड बनाया।राहुल गांधी व विपक्ष को निरंतर हार के कारण चुनाव आयोग की सफलता दिखाई नहीं देती है।जबकि हकीकत यह भी है कि चुनाव आयोग बेहतर चुनाव करा रहा है और उसके कारण कई राज्यों में कांग्रेस व विपक्ष भी जीते है।

## राशिफल

मेष आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव वाला रह सकता है, लेकिन आपकी सकारात्मक सोच हर परिस्थिति को संभालने में मदद करेगी। मन में किसी के प्रति ईर्ष्या या नकारात्मकता रखने के बजाय अपने काम पर ध्यान दें।

वृषभ आज किस्मत आपका साथ देती नजर आएगी और आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है। आमदनी बढ़ाने के नए रास्ते खुलेंगे और किसी कानूनी मामले में भी राहत मिलने की उम्मीद है।

मिथुन आज मन में शांति और संतुलन बना रहेगा। किसी धार्मिक या आध्यात्मिक आयोजन में शामिल होने का अवसर मिले तो यह आपको भीतर से सुकून देगा।

कर्क आज का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन स्थिरता बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू करने का विचार मन में आ सकता है, हालांकि अनजान लोगों पर तुरंत भरोसा करना उचित नहीं होगा।

सिंह आज परिवार और रिश्तों के बीच संतुलन बनाए रखना आपके लिए खासा जरूरी रहेगा। विरोधी अपनी ओर से कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आपकी समझदारी और संयम उनके इरादों को कमजोर कर देंगे।

कन्या आज आपकी कोई मनचाही इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे पूरे दिन चेहरे पर खुशी बनी रहेगी। जीवनसाथी के लिए कोई खास तोहफा खरीदने का मन बनेगा और इससे रिश्ते में प्रेम और अपनापन बढ़ेगा।

तुला आज बढ़ते खर्च आपको थोड़ा परेशान कर सकते हैं, इसलिए आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। काम का दबाव अधिक रहेगा और परिवार से जुड़ी कुछ चिंताएं भी मन में चल सकती हैं।

वृश्चिक आज किसी महत्वपूर्ण फैसले को लेकर मन थोड़ा असमंजस में रह सकता है, लेकिन अपनी समझ और अनुभव पर भरोसा रखें। सामाजिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी और लोगों के बीच आपकी मौजूदगी महसूस की जाएगी।

धनु आज का दिन काफी व्यस्त और भागदौड़ भरा रहेगा। जरूरी कामों को टालने की आदत आज नुकसान पहुंचा सकती है, इसलिए प्राथमिकता तय करके आगे बढ़ें। परिवार से जुड़ी किसी समस्या को बातचीत और आपसी समझ से सुलझाने पर रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

मकर आज आपको अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी और अनुशासन के साथ निभाना होगा। कोई नई जिम्मेदारी या महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट मिलने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलेगा।

कुंभ आज जीवन में कुछ चुनौतियां जरूर आएंगी, लेकिन परिवार और दोस्तों का साथ आपका हौसला बनाए रखेगा। दूसरों के निजी मामलों में जरूरत से ज्यादा दखल देने से बचें, वरना बेवजह की उलझन बढ़ सकती है।

मीन आज सामाजिक और व्यावसायिक दोनों मोर्चों पर सकारात्मक परिणाम मिलने के संकेत हैं। आपके काम की सराहना होगी और समाज में मान-सम्मान बढ़ सकता है। आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए किए गए प्रयास रंग लाएंगे।

### विश्लेषण

# शहादत पर भारी लाल फीताशाही !

**रमेश पत्रकार**



पांच साल पहले मणिपुर की पहाड़ियों में गोलियों और बारूद के बीच 46 असम राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विप्लव त्रिपाठी , उनकी पत्नी अनुजा व पांच साल के मासूम बेटे अबीर ने देश के लिए जो सर्वोच्च बलिदान दिया था, वह भारतीय सैन्य इतिहास के सबसे खौफनाक और दुर्लभ अध्यायों में से एक है।उग्रवादियों ने केवल एक सैन्य अधिकारी को नहीं, बल्कि उसकी पूरी गृहस्थी को खत्म कर एक कायराना संदेश देने की कोशिश की थी। रायगढ़ के इस सपूत ने आखिरी दम तक अदम्य साहस का परिचय देते हुए मुकाबला किया था। राहत की बात यह है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने इस हत्या कांड के मुख्य आरोपियों में से एक—4 लाख के इनामी पीएलए कैप्टन थियाम बोयचा सिंह को पांच साल बाद दबोच लिया है। लेकिन इस गिरफ्तारी के बीच एक ऐसा काला सच खड़ा है जो व्यवस्था की संवेदनाओं को झकझोर कर रख देता है। आज पांच साल बीत जाने के बाद भी इस वीर परिवार को कर्नल विप्लव त्रिपाठी के लिए गैलेंट्री अवॉर्ड (वीरता सम्मान) की भीख मांगनी पड़ रही है। सरकार और सेना के गलियारों से केवल एक ही बेतुका जवाब मिलता है—"शहादत के दो वर्ष के भीतर यूनिट की ओर से नाम नहीं भेजा गया।" यह कु--तर्क अपने आप में अत्यंत शर्मनाक हास्यास्पद और क्रूरता से भरा हुआ है

**व्यवस्था के गलियारों में दम तोड़ती शहादत**

सवाल यह उठता है कि क्या देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले शहीद को अब वीरता के लिए 'कागजी घोड़ों' और लालफीताशाही का मोहताज होना पड़ेगा? यदि बटालियन स्तर पर प्रशासनिक देरी या कागजी खानापूर्ति में चूक हुई भी, तो उसकी सजा शहीद के माता- पिता और उनके बलिदानी परिवार को क्यों भुगतनी चाहिए ? क्या प्रशासनिक औपचारिकताएं किसी सैनिक के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान से ऊपर हो सकती हैं ? यह पूरी व्यवस्था पर एक करारा तमाचा है कि जिस अधिकारी ने करोड़ों के नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार की कमर तोड़कर देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत किया, उसके अपनों को आज न्याय और सम्मान के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।



**लालफीताशाही के दलदल में फंसा शहीद का बलिदान**

देश ने वोट ओर नौकरशाही ने सारे मूल्यों को बौना बना दिया है सैकड़ों बेगुनाहों के खून से हाथ रंगने वाले आतंकवादी एवं नक्सलियों को सरकार महिमा मंडित कर उन्हें सौगाते बाट रही हे लेकिन एक ऐसे सैन्य अधिकारी को वीरता का पुरस्कार देने में हिला हवाला कर रही हे जिसने देश पर पूरा परिवार कुर्बान कर दिया शहादत कोई राजनीतिक सौदा या कागजी दस्तावेज नहीं है, यह देश की अस्मिता का प्रतीक है। सरकार को इस लफाजी व कागजी लिफाफेबाजी को तुरंत दरकिनार करना चाहिए बिना एक पल गंवाए कर्नल विप्लव त्रिपाठी को उनका बनता हुआ वीरता सम्मान दिया जाना चाहिए, और इस पांच साल के अवांछित विलंब के लिए देश व सरकार को उनके शोक संतप्त माता - पिता से क्षमा मांगनी चाहिए। यही उस वीर की शहादत को सच्ची श्रद्धांजलि होगी वरना इतिहास किसी को माफ नहीं करता वक्त आने पर सबका हिसाब होता हे जो आज अपनी जिम्मेदारी को कागज के टुकड़ों से ढकने की कोशिश कर रहे है समय उनका भी हिसाब करेगा वीर किसी मेडल व सम्मान के लिए अपने लहु से धरती लाल नहीं करता वो देश के लिए उसके जज्बे व कर्तव्य का धार्मिक अनुष्ठान हे जिसमें देश के मान सम्मान मर्यादा व गौरव के लिए वो अपनी आहुति देता है यदि उसके इस समर्पण व त्याग का अपमान हुआ तो उसका खमियाजा भी हमें ही भुगतना होगा इसलिए देर ही सही लेकिन गलती दुरुस्त की जा सकती है सरकार को यह करना भी चाहिए क्योंकि यही उसका कर्तव्य वो धर्म भी है कर्नल विप्लव त्रिपाठी के साथ हो रही इस नाइंसाफी पर एक अंजान शायर का शेर है...................

"शहादत कोई सौदा नहीं, न कोई व्यापार है,यह देश के वीरों का सर्वोच्च बलिदान है, जो अपमान करते हैं इन हुतात्माओं के लहू का,याद रखना, इतिहास उसका भी करता है हिसाब !"

यदि हरि ओम पवार के ओजस्वी शब्दों में कहा जाए तो

जिन बेटो ने पर्वत काटे है अपने नाखूनो से
उनकी कोई मांग नही है दिल्ली के दरबारों से
सेना मर-मर कर पाती है, दिल्ली सब खो देती है और शहीदों के लौहू को, स्याही से धो देती है

शायद उन्होंने इन कुव्यवस्था की परिकल्पना पहले ही कर ली थी तभी तो उन्होंने इस झकझोर देने वाली कविता की संरचना कर दी थी इस के साथ एक स्वरचित तुकबंदी भी है में साहित्यकार या कवि तो नहीं हूं यह सिर्फ मेरे मन की भड़ास है जो शब्दों में व्यक्त हो रही है

मिट्टी के कण-कण में उनकी,आज भी महकती है कुर्बानी,
सीमा पर बहते लहू से लिखी गई, जिनकी अमर कहानी।
उनके सम्मान व त्याग पर, सियासत का पहरा मत डालो,
मत करो ऐसी बेहियाई तुम शर्म करो ए कुर्सी के मतवारों

# अक्षम्य है बद्रीनाथ धाम पर डीजे बजाने की शर्मनाक हरकत

**मनोज कुमार अग्रवाल**

धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में डीजे के बढ़ते शोर से गंभीर नुकसान हो रहा है, जो अब केवल मैदान तक न रहकर प्रकृति के सबसे संवेदनशील भूभाग पहाड़ की चोटी पर स्थित तीर्थधाम बद्रीनाथ तक पहुंच गया। हाल ही में पवित्र तीर्थ बद्रीनाथ धाम पर एक पर्यटन स्थल के प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिस तरह डीजे शोरशराबा किया गया वह वास्तव में अनुचित और पहाड़ व तीर्थ की गरिमा से खिलवाड़ है। आप जानते हैं कि देश के विभिन्न हिस्सों से तेज आवाज के कारण गंभीर घटनाएं और मौतें सामने आई हैं,बद्रीनाथ धाम जैसे पवित्र स्थलों और विभिन्न विसर्जन यात्राओं में डीजे के नाम पर होने वाले शोर-शराबे और डांस को लेकर विवाद बढ़ गया है। लोगों का मानना है कि इससे धार्मिक कार्यक्रमों की शांति और गरिमा नष्ट होती है।ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी ने इस आयोजन की कड़ी आलोचना की।

इसे देवभूमि की संस्कृति के खिलाफ और 'बाजारू संस्कृति' करार दिया गया। पर्यावरणविदों और स्थानीय लोगों ने भी उच्च हिमालयी और संवेदनशील इको-जोन में तेज बेस व कंपन से ग्लेशियर/पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई।

आपको बता दें कि बद्रीनाथ धाम के मुद्दे पर मुरली मनोहर जोशी ने चिंता व्यक्त की है कि अब खुद जिम्मेदार लोग ही इस पर धर्म और आस्था के नाम पर नियम-कानूनों को ताक पर रखना, प्रकृति को नुकसान पहुंचाना और आम जनता के जीवन से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहें हैं , यह विकृति बढ़ रही हैं। पुनःबता दें कि हाल ही में 19 और 20 सितंबर को उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम पर टूरिस्ट अराइवल प्लाजा में दो दिनों के 'देवभूमि सांस्कृतिक महोत्सव' का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के दौरान तेज आवाज में डीजे, साउंड सिस्टम और गानों पर लोगों के थिरकने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। इस के बाद आलोचना का दौर शुरू हो गया।

आपको यह भी बता दें कि सत्तारूढ़ दक्षिण पंथी पार्टी भाजपा जेन-जी पीढ़ी को संस्कार संस्कृति से जोड़ कर अपसंस्कृति गालीबाजी और बड़ों को अपशब्द व आपत्तिजनक व्यवहार से बचाने दूसरी ओर टर्न करने के लिए सक्रिय है। इसी कड़ी में देश भर के जेन-जी को आकर्षित करने के लिए कुछ कार्यक्रम किए जा रहे हैं। आपको पता रहे अभी दो दिन पहले खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भजन क्लबिंग में हिस्सा लिया और बाकायदा ट्वीट किया कि हमारी जेन जी 'भजन क्लबिंग' की ओर बढ़ रही है... यह आध्यात्मिकता और आधुनिकता का एक सुंदर संगम है, जिसमें भजनों की पवित्रता का भी पूरा ध्यान रखा जाता है।

। हम जानते हैं कि जिन्हें आलोचना करनी है उनको हर काम में बुराई नज़र आती है नई पीढ़ी को धर्म अध्यात्म की ओर आकर्षित कर उन्हें ड्रग्स लिव-इन रिलेशन अमर्यादित यौन हिंसा और विकृत





सम्बन्धों से काफी हद तक बचाया जा सकता है बहरहाल, प्रधानमंत्री ने भजन क्लीबिंग का यह ट्वीट बता रहा है कि अभी उन्होंने नयी पीढ़ी से जुड़ने की कोशिश की है।नयी पीढ़ी अध्यात्म दर्शन भक्ति और नवोन्मेष के मॉडल को अपना रही है, जिसे वो नैतिकता आध्यात्मिकता और आधुनिकता का संगम कह रहे हैं। नैतिकता आध्यात्मिकता दर्शन नवोन्मेष आधुनिकता में कभी भी अलगाव नहीं रहा है, ये हमेशा साथ चले हैं।

वहीं कुछ लोग अलग ही किस्म का दर्शन धार्मिक कार्यक्रमों पर थोप रहे हैं, जिसमें भक्ति के नाम पर सड़क पर शोभा यात्रा और देव स्वरूपों को नचाने का धतकरम चल रहा है धर्म के इस दिखावे में धर्म का नुकसान हो रहा है, यदि ऐसा कार्यक्रम तीर्थ स्थलों पर आयोजित किया जाता है तो सदियों से धर्म की रक्षा करने वाले तीर्थो की गरिमा को भी नुकसान पहुंच रहा है। बद्रीनाथ में सांस्कृतिक महोत्सव का अपना महत्व है इस तरह के आयोजन की रूपरेखा बनाते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि ऐसे महोत्सव के दौरान तेज संगीत, डीजे वर्जित रखा जाए और मर्यादाओं में रह कर पहाड़ प्रकृति और धर्म का आचरण किया जाए। हाल ही के बद्रीनाथ कांसर्ट की आलोचना को सिरे से नकार देना उचित नहीं है हिमालय प्रेमी और बद्रीनाथ के प्रति श्रद्धा रखने वाले कई लोगों ने कड़ी आपत्ति जताई। यहां तक कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और विज्ञान के शिक्षक रहे मुरली मनोहर जोशी ने भी सोशल मीडिया पर इस आयोजन की तीखी आलोचना करते हुए लिखा, 'बद्रीनाथ धाम में संगीत समारोह को छूट दिया जाना न सिर्फ सांस्कृतिक मर्यादाओं का उल्लंघन है बल्कि धाम की पवित्रता पर भी सीधा आघात है। आदि गुरु शंकराचार्य महाराज जी द्वारा इस धाम की स्थापना हिमालयी पर्यावरण में शांतिपूर्ण तरीके से भगवत भजन के लिए की थी। गौर करने वाली है कि इस जगह पर शंख बजाना भी मना है लेकिन हम उसे भूलकर शोर-शराबे वाले संगीत कार्यक्रमों का आयोजन कर भारतीय आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, पर्यावरणीय मूल्यों की घोर उपेक्षा तो कर ही रहे हैं, साथ में इतनी ऊंचाई पर हजारों लोगों के नाचने से उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की भी उपेक्षा कर रहे हैं। यह इस बात का प्रतीक है कि अब देवभूमि को बाजारू संस्कृति के रूप में परिणीत किया जा रहा है।

जोशीजी की चिंता उचित और विचारणीय है। इसी क्षेत्र के माणा गांव के पूर्व प्रधान पीताम्बर सिंह मोलफा ने कहा कि हमारा इलाका बहुत ही संवेदनशील है। यहां धार्मिक परंपराओं और स्थानीय लोगों की भावनाओं को समझे बिना कोई भी बड़ा कार्यक्रम करना ठीक नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि चिपको आंदोलन से जुड़े चंडी प्रसाद भट्ट जी जैसे पर्यावरणविदों ने इस क्षेत्र के लिए काफी सुझाव दिए हैं, लेकिन मास्टर प्लान तैयार करते समय उनकी बातों को दरकिनार किया गया। मास्टर प्लान के तहत बड़ी-बड़ी मशीनें दिन-रात शोर कर रही हैं, हेली सेवा से जो शोर होता है, उस पर कोई बात नहीं करता। हालांकि अब प्रशासन कह रहा है कि भविष्य में बद्रीनाथ में ऐसे किसी भी कार्यक्रम पर रोक लगाई गई है। लेकिन उसे जवाब देना चाहिए कि पहले ही यह सब क्यों नहीं रोका गया। प्रदूषण से केवल बद्रीनाथ नहीं केदारनाथ धाम भी ग्रस्त है। यहां आई विनाशकारी बाढ़ ने बता दिया था कि किस तरह जरूरत से ज्यादा भीड़ पहुंचने से सारा इको सिस्टम प्रभावित हो रहा है। केदारनाथ क्षेत्र में स्थानीय लोग लंबे समय से पर्यावरण और बढ़ते पर्यटन के दबाव से जुड़ी समस्याओं की ओर ध्यान दिलाते रहे हैं। धाम के आसपास और यात्रा मार्ग पर साल-दर-साल रिकॉर्ड स्तर पर कचरा बढ़ रहा है, जिसका प्रबंधन नहीं हो पा रहा है। पर्यटक अपने पानी की खाली बोतल, खाने-पीने के पैकेट समेत कई सामान खाई में सीधे नीचे फेंक देते हैं, जिसे इकट्ठा करना काफी कठिनाई भरा या असंभव होता है । यह इस संवेदनशील हिमालयी क्षेत्र के पर्यावरण के लिए एक गंभीर चेतावनी है। कचरे के बढ़ने के कारण भारी बारिश में हालात और बिगड़ जाते हैं। अभी रुद्रप्रयाग में ही लैंडस्लाइड होने की वजह से चारधाम यात्रा रोकनी पड़ी। बताया जा रहा है कि दोनों तरफ से करीब 4000 के आसपास तीर्थ यात्री फंसे हुए हैं। इस तरह की खबरों से जाहिर होता है प्रकृति की मार से इंसान बच नहीं सकता। फिर भी सबक नहीं लिया जा रहा है। और यह केवल पहाड़ों की बात नहीं है, मैदानी इलाकों में भी ध्वनि प्रदूषण से हालत बुरी है। अभी उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में एक स्कूल के बाहर गणेश विसर्जन के जुलूस के शोर से एक बारह साल की बच्ची की मौत की खबर आई है। कहा जा रहा है कि डीजे के शोर से बच्ची को हार्ट अटैक आया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस पूरे मामले का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है।सुप्रीम कोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए निर्देश दिए हैं, लेकिन धर्म के नाम पर उन निर्देशों की अवहेलना हो रही है।

स्पष्ट है कि जरुरत इस बात की है कि पहाड़ की संवेदनशीलता का ध्यान रखते हुए धार्मिक पर्यटन और कार्यक्रमों का नियमन किया जाए पहाड़ धर्म अध्यात्म संस्कृति सब की मर्यादा का पालन करना चाहिए तात्विक तौर पर यह सब परस्पर जुड़े हुए हैं और इसी को अंगीकार करने और समझने की प्रेरणा हमारे शास्त्रों और पुराणों में वर्णित है।

## सू- दोकू क्र.175

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.174 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -175

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 174 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | | म | री | ज | | | |
| ग | ह | न | ता | | ब | र | ब | स |
| | की | | धि | क्का | र | | र | मा |
| | का | | का | | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | | स्त | र | | |
| ह | | | | | | दा | मि | नी |
| ना | | ए | ह | ति | या | त | | लां |
| वा | च | क | | हा | | | खू | ब |
| | | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | | र |

### 'वोट चोरी' के आरोपों की स्वतंत्र जांच की मांग, राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# बीजापुर में कांग्रेस का प्रदर्शन: सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी, पुतला दहन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 29 सितंबर।** कांग्रेस कमेटी और छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नया बस स्टैंड से कलेक्टोरेट कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला। इस दौरान भाजपा और मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। बाद में राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर बीजापुर को ज्ञापन सौंपकर उन्हें पद से हटाने, गिरफ्तारी और उनके कार्यकाल में लिए गए फैसलों की स्वतंत्र जांच की मांग की गई।

कांग्रेस ने यह प्रदर्शन देशभर में चल रहे 'वोट चोरी' के आरोपों और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्रक्र) को लेकर किया। हाल ही में द इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में कम से कम 14 बार कुछ फैसलों पर औपचारिक आपत्तियां दर्ज की थीं। रिपोर्ट में मतदाता पंजीयन, नाम जोड़ने-काटने और चुनावी डेटा के प्रबंधन से जुड़े मुद्दों का उल्लेख किया गया है।

**'आयोग के भीतर की आपत्तियां गंभीर सवाल खड़े करती हैं'**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि चुनाव आयोग के भीतर से सामने आई आपत्तियों ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि स्ढ्रक्र के नाम पर वास्तविक मतदाताओं के नाम काटे गए और नए नाम जोड़ने की प्रक्रिया में अनियमितताएं हुईं।

राठौर ने कहा कि दोनों निर्वाचन आयुक्तों द्वारा दर्ज आपत्तियों को नजरअंदाज किया जाना लोकतांत्रिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी व्यवस्था का केंद्रीकरण किया गया और राज्य स्तर के अधिकारियों को प्रक्रिया से पर्याप्त रूप से अवगत नहीं कराया गया।हालांकि, इन आरोपों के बीच निर्वाचन आयोग ने कहा है कि आयोग के सदस्यों के बीच मतभेद deliberative प्रक्रिया का हिस्सा हो सकते हैं और SIR से जुड़े प्रमुख फैसले पूर्ण आयोग द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए। विरोध मार्च में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सोमरू राम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य लच्छू राम मौर्य, जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 29 सितम्बर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत पोषण माह के अवसर पर जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान किया गया। वहीं विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने योजनाओं से मिले लाभ और अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान पोषण के महत्व, बच्चों के स्वास्थ्य, मातृ एवं शिशु देखभाल तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने ÷स्वस्थ शिशु-स्वस्थ भारत÷ के संकल्प के साथ पोषण को जन-आंदोलन बनाने की दिशा में सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया गया। इसके अलावा रंगोली, मेहंदी और चित्रकला जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया तथा प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, विधायक चैतराम अटामी, छत्तीसगढ़ महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी मंडावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य तिलेश्वरी नागेश, भाजपा जिला मंत्री लता मरकाम, अनीता वर्मा, महिला मोर्चा दंतेवाड़ा महामंत्री कीर्ति ठाकुर, गीतांजलि जायसवाल, उपाध्यक्ष रूपा पाणीग्राही, जिला मीडिया प्रभारी भारती साहू, दंतेवाड़ा मंडल अध्यक्ष अनीता शर्मा, विमला नाग, हिना देवांगन, मनीषा नाग, कौशल्या ठाकुर, राधा गुप्ता, दंतेश्वरी शोरी, विमला रावत उपस्थित रहीं। इसके अलावा गीदम मंडल अध्यक्ष रंजीता शर्मा, ममता गुप्ता, बारसूर मंडल अध्यक्ष ममता मंडावी, महामंत्री संध्या शुक्ला, एनजीओ प्रकोष्ठ से बबीता पांडे, किशोर साहू सहित जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं, योजना के लाभार्थी तथा बड़ी संख्या में दीदी-बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

## एक नजर

### विकासखंडस्तरीय भाषण एवं ड्राइंग प्रतियोगिता में बच्चों ने बिखेरे प्रतिभा के रंग



**गीदम, 29 सितंबर (तछसं.)।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन सक्षम - 2 मे किया गया। इस प्रतियोगिता में विकासखंड के सभी 33 संकुलों के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों से चयनित छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता व विचारशीलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने सपनों का भारत, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल इंडिया तथा नक्सलवाद से मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। नन्हे कलाकारों ने जहां अपनी तूलिका और रंगों के माध्यम से इन विषयों को जीवंत रूप दिया, वहीं भाषण प्रतियोगिता में वक्ताओं ने ओजस्वी शैली में अपनी बात रखकर सभी का मन मोह लिया।प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन के आधार पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 5 उत्कृष्ट वक्ताओं और 20 सर्वश्रेष्ठ ड्राइंग (चित्रों) का चयन किया गया।

निर्णायक मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका- भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक प्राचार्य के. आर. ठाकुर, वरिष्ठ व्याख्याता राकेश मिश्रा, कुंवर सिंह मंसूरे, धनेन्द्र सोनी, कैलाश कश्यप एवं केशव स्वर्ण रहे । वही ड्राइंग प्रतियोगिता के निर्णायक रघु कौशल, हेमंत कोसमा, गया प्रसाद नाग, लव कुमार तारम एवं सुरेन्द्र साहू थे। सभी निर्णायकों ने निष्पक्ष मूल्यांकन करते हुए प्रतिभागियों के हुनर की सराहना की और उनका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम एवं खंड स्रोत समन्वयक नितेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की तथा चयनित प्रतिभागियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विभिन्न संकुलों के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### 'जैन चुस्की चाय' के बैच CH653 की बिक्री पर रोक

**बीजापुर, 29 सितंबर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने खाद्य पदार्थ 'जैन चुस्की चाय' बैच नंबर CH653 के विक्रय, वितरण और भंडारण पर बीजापुर जिले के संपूर्ण क्षेत्र में प्रतिबंध लगा दिया है।जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन सरगुजा द्वारा लिए गए नमूने की प्रयोगशाला जांच में Pesticide एवं Acetamiprid की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक पाई गई। खाद्य विश्लेषक ने संबंधित बैच को असुरक्षित घोषित किया है। यह उत्पाद Jain Traders, Akruti Vihar, Amlidih, Raipur द्वारा निर्मित बताया गया है।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत अभिहीत अधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन बीजापुर ने संबंधित बैच की बिक्री, वितरण और भंडारण पर रोक लगाई है।जिले के सभी खाद्य कारोबारियों को निर्देशित किया गया है कि जिनके पास बैच नंबर CH653 की जैन चुस्की चाय उपलब्ध है, वे तत्काल इसकी बिक्री बंद करें और आपूर्तिकर्ता या कंपनी से संपर्क कर पूरा स्टॉक वापस भेजें।

साथ ही की गई कार्रवाई की जानकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों का पालन नहीं करने या निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित बैच का स्टॉक पाए जाने पर संबंधित खाद्य कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# एसआईआर पर तथ्यों के आधार पर चर्चा होनी चाहिए:भाजपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम, 29 सितम्बर।** भारतीय जनता पार्टी जिला दन्तेवाड़ा कार्यालय चितालंका में एसआईआर (स्पेशल इंटेंशिव रिवीजन) के विषय पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस एवं विपक्षी दलों द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की।वक्ताओं ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर भ्रम और आशंकाएं फैलाने के बजाय तथ्यों के आधार पर चर्चा होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग की आधिकारिक मतदाता सेवा व्यवस्था में एसआईआर 2026 से संबंधित सुविधाएं तथा नए मतदाताओं के लिए फार्म-6 की व्यवस्था उपलब्ध है। भाजपा नेताओं ने कहा कि एसआईआर को लेकर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों के संदर्भ में यह महत्वपूर्ण है कि 27 मई 2026 को सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में एसआईआर की वैधानिकता को बरकरार रखा और आयोग के अधिकार तथा प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपना निर्णय दिया। प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्ष द्वारा निर्वाचन आयोग तथा संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार सवाल उठाने से आम मतदाताओं के बीच अनावश्यक भ्रम की स्थिति पैदा होती है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दलों को अपने मतभेदों और सवालों को तथ्यों तथा संवैधानिक प्रक्रियाओं के आधार पर रखना चाहिए। वक्ताओं ने यह भी कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने और मतदाता सूची को अद्यतन एवं शुद्ध रखने की प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी आवश्यक है। निर्वाचन आयोग की व्यवस्था में मतदाता पंजीयन, नाम की जांच तथा मतदाता सूची में आवश्यक सुधार के लिए विभिन्न सेवाएं उपलब्ध हैं। प्रेस वार्ता में नगरपालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी मण्डावी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पिन्टु उइके, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, जिला मंत्री लता मरकाम, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा राजेश कश्यप एवं जिला पंचायत सदस्य तिलेश्वरी नागेश सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्थानांतरण पर एसडीएम जागेश्वर कौशल को दी गई आत्मीय विदाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 28 सितंबर।** स्थानांतरण के बाद एसडीएम जागेश्वर कौशल को जिला प्रशासन की ओर से आत्मीय विदाई दी गई। विदाई समारोह में कलेक्टर विश्वदीप ने जिले में उनके कार्यकाल के दौरान किए गए प्रशासनिक एवं जनहित के कार्यों की सराहना करते हुए नई पदस्थापना के लिए शुभकामनाएं दीं।

कलेक्टर विश्वदीप ने कहा कि कौशल ने अपने कार्यकाल में प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन किया। विकास कार्यों के क्रियान्वयन, जनहित के विषयों और प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाने में उनका योगदान सराहनीय रहा। समारोह में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी उनके साथ कार्य करने के अनुभव साझा किए और उनके सहयोगपूर्ण व्यवहार एवं कार्यशैली को याद किया। अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और नई जिम्मेदारी में सफलता की कामना की।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर उत्तम पंचारी, डिप्टी कलेक्टर दिलीप उइके, मुकेश देवांगन, जिला कोषालय अधिकारी महावीर प्रसाद टंडन सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। समारोह आत्मीय माहौल में संपन्न हुआ।

# डीआरजी-बस्तर फाइटर्स के जवान अब संभालेंगे डिजिटल पुलिसिंग की कमान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 29 सितंबर।** बदलते दौर के साथ पुलिसिंग में भी तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है। इसी को देखते हुए बीजापुर पुलिस ने डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के जवानों को कम्प्यूटर एवं डिजिटल तकनीक में दक्ष बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। प्रशिक्षण का उद्देश्य जवानों को कम्प्यूटर का बुनियादी ज्ञान देने के साथ पुलिस विभाग के विभिन्न डिजिटल एवं कार्यालयीन कार्यों के लिए सक्षम बनाना है।

प्रशिक्षण के प्रथम चरण में 20-20 जवानों के चार बैच तैयार किए गए हैं। प्रत्येक बैच को 30 दिनों तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान जवानों को कम्प्यूटर का बेसिक ज्ञान, हिन्दी एवं अंग्रेजी टाइपिंग तथा कम्प्यूटर के दैनिक उपयोग से संबंधित आवश्यक तकनीकी जानकारी दी जाएगी।

**अपराध विवेचना से ऑनलाइन रिपोर्टिंग तक तकनीक जरूरी**

वर्तमान पुलिसिंग व्यवस्था में थानों और पुलिस कार्यालयों में अपराध संबंधी जानकारी का संधारण, प्रकरणों से जुड़े दस्तावेज तैयार करना, रिपोर्ट तैयार करना, शासकीय पत्राचार, रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण, डाटा एंट्री और ऑनलाइन पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने जैसे कार्यों में कम्प्यूटर का उपयोग बढ़ गया है।

अपराधों की विवेचना के दौरान डिजिटल माध्यमों से प्राप्त जानकारी का संधारण एवं विश्लेषण, दस्तावेजों को व्यवस्थित रखना और जरूरी जानकारी समय पर अधिकारियों तक पहुंचाना भी पुलिसिंग का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। ऐसे में जवानों को कम्प्यूटर और टाइपिंग का व्यावहारिक ज्ञान देने की पहल को तकनीकी रूप से सक्षम पुलिस बल तैयार करने की दिशा में उठाया गया कदम माना जा रहा है।

**तकनीकी रूप से दक्ष जवान, प्रभावी पुलिसिंग**

प्रशिक्षण के माध्यम से जवानों को डिजिटल कार्यप्रणाली से परिचित कराया जा रहा है, ताकि वे पुलिस विभाग के रोजमर्रा के कार्यालयीन और तकनीकी कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से संपादित कर सकें। बीजापुर जैसे संवेदनशील जिले में मैदानी पुलिसिंग के साथ-साथ डिजिटल दक्षता को बढ़ाना पुलिस कार्यप्रणाली को आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

# भाजपा ने कांग्रेस के 'वोट चोरी' आरोपों पर साधा निशाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 29 सितंबर।** बीजापुर में कांग्रेस के 'वोट चोरी' के आरोपों के बीच भाजपा ने निर्वाचन आयोग के स्पष्टीकरण को आधार बनाकर विपक्ष पर पलटवार किया है। अटल सदन भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से सामने रखी गई जानकारी के बाद चुनाव प्रक्रिया को लेकर लगाए जा रहे विपक्ष के कई आरोपों पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि आयोग ने स्पष्ट किया है कि SIR समेत प्रमुख निर्णय मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों निर्वाचन आयुक्तों की सहमति से लिए गए हैं।निर्वाचन आयोग की आधिकारिक जानकारी के अनुसार ज्ञानेश कुमार मुख्य निर्वाचन आयुक्त तथा डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी निर्वाचन आयुक्त हैं।

**'आयोग के भीतर मतभेद के दावे पर स्थिति स्पष्ट'**

जानकी कोरसा ने कहा कि विपक्ष द्वारा चुनाव आयोग के भीतर मतभेद और निर्णय प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए जा रहे थे, लेकिन आयोग की ओर से जारी स्पष्टीकरण में प्रमुख निर्णयों को सर्वसम्मति से लिए जाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाने से पहले आयोग के आधिकारिक पक्ष को भी सामने रखना चाहिए।

**कैबिनेट सचिव को पत्र पर भी उठाए सवाल**

भाजपा नेता ने कैबिनेट सचिव को लिखे पत्र को लेकर सामने आई चर्चाओं पर कहा कि आयोग के अनुसार यह मामला स्ढ्रक्रअथवा किसी चुनावी नीति से संबंधित नहीं, बल्कि एक अधिकारी की प्रशासनिक कार्यप्रणाली और प्रतिनियुक्ति से जुड़ा आंतरिक विषय था। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को चुनावी प्रक्रिया से जोड़कर प्रस्तुत करना तथ्यों को अलग संदर्भ में देखने जैसा है।

**फॉर्म-6 और एसआईआर पर भाजपा का पलटवार**

जानकी कोरसा ने कहा कि फॉर्म-6 को लेकर भी विपक्ष द्वारा भ्रम फैलाने का आरोप लगाया जा रहा है। निर्वाचन आयोग की मौजूदा व्यवस्था में नए मतदाता के पंजीकरण के लिए फॉर्म-6 का प्रावधान है और आयोग की वेबसाइट पर स्ढ्रक्र2026 के तहत भी फॉर्म-6 एवं संबंधित घोषणा पत्र उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और आपत्ति की प्रक्रिया कानून के तहत निर्धारित है। आयोग की आधिकारिक जानकारी के अनुसार नए मतदाता के पंजीकरण के लिए फॉर्म-6 तथा नाम हटाने या आपत्ति के लिए फॉर्म-7 का इस्तेमाल किया जाता है।

**'संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाने से पहले तथ्य देखें'**

भाजपा नेताओं ने कहा कि चुनाव आयोग देश की संवैधानिक संस्था है और चुनावी प्रक्रिया में राजनीतिक दलों की भागीदारी के साथ आयोग लगातार विभिन्न स्तरों पर संवाद करता रहा है। आयोग की ओर से भी राजनीतिक दलों के साथ बैठकों और चुनावी प्रक्रिया को लेकर संवाद की जानकारी सार्वजनिक की गई है। जानकी कोरसा ने विपक्ष से चुनाव आयोग और चुनाव प्रक्रिया पर लगाए जा रहे आरोपों के संबंध में तथ्य सार्वजनिक करने तथा संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को लेकर जिम्मेदारी के साथ बयान देने की बात कही।प्रेसवार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष घासीराम नाग, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी और मीडिया प्रभारी प्रताप यादव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वंदेमातरम गीत का वृहद् आयोजन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 29 सितंबर।** वंदेमातरम गीत गाकर गिनिज बुक में नाम दर्ज कराने राष्ट्र व्यापी आयोजन का अंग सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़पिछवाड़ी कांकेर बना। जहाँ सामूहिक वंदेमातरम गायन झमाझम बारिश के बावजूद भी एक समारोह आयोजित कर सफलता पूर्वक किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद श्री भोजराज नाग, कार्यक्रम अध्यक्ष के तौर पर कांकेर विधानसभा के विधायक श्री आशाराम नेताम, मुख्य वक्ता साहित्यकार श्री सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, विशेष अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष श्री अरूण कौशिक, विद्या भारती संगठन मंत्री डा. देवनारायण साहू, व्यवस्थापक श्री अशोक राठी, उपाध्यक्ष श्री रामशरण जैन, प्राचार्य श्री भूपेंद्र तिवारी उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों का आत्मिय अभिनंदन उपरांत सभी उपस्थित जनों द्वारा वंदेमातरम गीत का सामूहिक गायन किया गया। जो अद्वितीय रहा मुख्य वक्ता के रूप में अपनी बात कहते हुए श्री सुरेश चंद श्रीवास्तव ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में वंदेमातरम शब्द ऊर्जा का संचार करने वाला बना था। आजादी की पृष्ठभूमि इस गीत के आसपास थी। यह गीत संगठनात्मक एकता को बल देता है। आनंदमठ उपन्यास का जिक्र करते हुए इस गीत की संक्षिप्त व्याख्या भी उन्होंने किया। साथ ही वंदेमातरम गीत की स्वतंत्रता में अभूतपूर्व योगदान का उल्लेख किया। संगठन मंत्री डा. देवनारायण साहू ने कहा कि वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विद्या भारती ने यह वृहद आयोजन वंदेमातरम गीत का किया है। गिनिज बुक में नाम दर्ज कर राष्ट्र सेवा का अनुपम योग सरस्वती शिशु मंदिरो ने दिया है। कांकेर शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष श्री रामशरण जैन ने कहा कि वंदेमातरम गायन का यह अभूतपूर्व योगदान निश्चित ही आने वाले समय के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा। कांकेर शिक्षा समिति व विद्यालय के व्यवस्थापक श्री अशोक राठी ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए इस राष्ट्र व्यापी कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया तथा वंदेमातरम गायन को देशभक्ति भाव जगाने वाला स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरक गीत बताया। अंत में विद्यालय की बहन लोमांशी देवांगन ने वंदेमातरम पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। संचालन आचार्य सूरज नेताम ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य गण, दीदियां,भैया बहन, पालकगण तथा गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

# आंगन मिलन सेवा' में पोषण और स्वस्थ परिवार का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर, 29 सितंबर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत बीजापुर के शांतिनगर, तहसीलपारा वार्ड और ग्राम पंचायत भोषागुड़ा के आंगनबाड़ी केंद्रों में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और परिवारों को पोषण, स्वास्थ्य, मातृ-शिशु देखभाल तथा शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में स्वस्थ बच्चों का सम्मान किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मितानिनों को उनके योगदान के लिए 'पोषण शक्ति सम्मान' दिया गया। महिलाओं ने स्थानीय खाद्य सामग्री से तैयार पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया। रंगोली, मेहंदी और पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**घर-घर मुनगा लगाने का संदेश-** कार्यक्रम में महिलाओं को घरों में मुनगा लगाने और सकी पत्तियों व फलियों को आहार में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों ने योजनाओं से मिले लाभ और अपने अनुभव भी साझा किए।पार्षद हिमानी साहू ने महिलाओं और बच्चों से जुड़ी शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों से उनका लाभ लेने की अपील की। वहीं आंगनबाड़ी के माध्यम से बच्चों को मिल रही पोषण, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और प्रारंभिक शिक्षा संबंधी सेवाओं की जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम में वार्ड पार्षद मुन्नालाल ताती, भोषागुड़ा में मुख्य अतिथि रामलू पूनेम, पुरुषोत्तम भंडारी, सरिता कंडिक, संगीता हेमला, गीता मांझी, रितु राना सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन पर्यवेक्षक गीता कनौजे के मार्गदर्शन में किया गया।

### बारिश व शिवनात के बढ़ते जलस्तर के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर

# शिवरतन शर्मा बाढ़ प्रभावितों से मिले,अधिकारियों को दिए राहत के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**भाटापारा,29 सितंबर।** लगातार हो रही बारिश और शिवनाथ नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने सोमवार मैदान में उतरे और विधानसभा के सिमगा विकासखंड बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिये। उन्होंने ग्राम तोरा, चक्रवाय में शिवनाथ नदी के बढ़ते जलस्तर एवं जलभराव की स्थिति का निरीक्षण किये। इस दौरान गावों के प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली।

शिवरतन शर्मा ने शिवनाथ नदी के जलस्तर की स्थिति का जायजा लेते हुए आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए सुरक्षा एवं बचाव व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अधिकारियों से नदी के जलस्तर, आवागमन एवं संभावित प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों की आवश्यकताओं का निरंतर ध्यान रखा जाए और जरूरत के अनुसार हर संभव सहायता एवं आवश्यक सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि इस कठिन परिस्थिति में शासन-प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है और नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बढ़ते जलस्तर को देखते हुए शिवरतन शर्मा ने सभी नागरिकों से नदी एवं जलभराव वाले क्षेत्रों से दूरी बनाए रखने की अपील की। उन्होंने गणेश विसर्जन के दौरान प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षित व्यवस्था एवं दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह करते हुए कहा कि सभी लोग सावधानी बरतें और किसी भी जोखिम वाले स्थान पर जाने से बचें।

## एक नजर

### जिले में 3244 शिक्षार्थियों ने दी बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा



**रायगढ़, 29 सितम्बर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा का आयोजन 27 सितंबर को जिलेभर में किया गया। परीक्षा को लेकर शिक्षार्थियों में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली। जिले के सभी विकासखण्डों में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में बड़ी संख्या में शिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक पहुंचकर परीक्षा में सहभागिता की।राज्य स्तर से रायगढ़ जिले के लिए 2500 शिक्षार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके विरुद्ध जिले में 3244 शिक्षार्थियों ने आकलन परीक्षा में सहभागिता की। इस प्रकार निर्धारित लक्ष्य से 744 अधिक शिक्षार्थियों ने परीक्षा में शामिल होकर साक्षरता के प्रति अपने उत्साह और जागरूकता का परिचय दिया। शिक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए थे। इन केन्द्रों में शिक्षार्थियों ने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार परीक्षा में शामिल होकर अपने बुनियादी पढ़ने-लिखने तथा संख्या ज्ञान का आकलन कराया।उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिला जेल में भी आकलन परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। यहां कुल 40 शिक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 14 शिक्षार्थी जेल से रिहा हो जाने के कारण परीक्षा में शामिल नहीं हो सके, जबकि 26 शिक्षार्थियों ने आकलन परीक्षा में सहभागिता की।

### सेवा संकल्प अभियान- 2 अक्टूबर को पुसौर में लगेगा नेत्र शिविर

**रायगढ़, 29 सितम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के मार्गदर्शन में जिलेवासियों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सेवा संकल्प अभियान के तहत 2 अक्टूबर को पुसौर में विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला स्वास्थ्य समिति, रायगढ़ द्वारा आयोजित यह शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पुसौर में प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। शिविर में नागरिकों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यकतानुसार चश्मा वितरण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़ के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगों की आंखों की जांच कर दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान की जाएगी।शिविर में नेत्र परीक्षण के दौरान दृष्टि संबंधी समस्या पाए जाने पर हितग्राहियों को चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा। दृष्टिदोष पाए जाने वाले हितग्राहियों को आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क चश्मा भी वितरित किया जाएगा। शिविर के माध्यम से लोगों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ समय पर जांच एवं उपचार के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार समय पर नेत्र परीक्षण कराने से दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान शुरुआती स्तर पर की जा सकती है। इसके बाद चिकित्सकीय सलाह के अनुसार आवश्यक उपचार एवं देखभाल सुनिश्चित की जा सकती है। स्वास्थ्य विभाग ने पुसौर क्षेत्र सहित जिलेवासियों से अपील की है कि वे स्वयं एवं अपने परिवार के सदस्यों की आंखों की जांच कराने के लिए शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और उपलब्ध निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं।

### वीबी-जी रामजी के तहत विकसित ग्राम पंचायत योजना तैयार करने जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**रायगढ़, 29 सितम्बर।** विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी रामजी के अंतर्गत विकसित ग्राम पंचायत योजना तैयार करने के संबंध में सोमवार को जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत श्री अभिजीत बबन पठारे की उपस्थिति में जिले के संबंधित अधिकारियों एवं तकनीकी अमले को विकसित ग्राम पंचायत योजना निर्माण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।प्रशिक्षण में कार्यपालन अभियंता, तकनीकी समन्वयक, जिले की सभी सात जनपद पंचायतों के कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सहायक परियोजना अधिकारी, जिला तकनीकी समन्वयक, प्रोग्रामर एवं प्रदान संस्था के दल प्रमुख द्वारा दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान विकसित ग्राम पंचायत योजना पोर्टल के प्रदर्शन संस्करण पर कार्य करने की प्रक्रिया, ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध परिसंपत्तियों का चिन्हांकन एवं मानचित्रण, पांच वर्षीय दीर्घकालीन विकास योजना तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2027-28 की वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों को बताया गया कि ग्राम पंचायतों की स्थानीय आवश्यकताओं, उपलब्ध संसाधनों एवं ग्रामीणों की विकास प्राथमिकताओं के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से ग्राम पंचायत की विकास कार्ययोजना तैयार की जानी है।

# जपं की बैठक में सदस्यों ने उठाए जनहित के मुद्दे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दल्लीराजहरा,29 सितंबर।** जनपद पंचायत डौंडी के सभाकक्ष में साधारण सभा की बैठक काफी हंगामेदार आयोजित हुई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सहित कांग्रेस समर्पित जनपद सदस्यों ने फसल बीमा, राशन कार्ड, एगरो स्टेग, मुल्यांकन, सत्यापन में देरी सहित अन्य विभिन्न मुद्दे काफी जोरशोर से उठाया।

**तीन वर्षों से नहीं बना उपस्वास्थ्य केंद्र-** विधायक प्रतिनिधि पीयूष सोनी नें अपनी बात रखते हुए कहा की सीजी एम एससी के तहत निर्माणाधीन भर्रीटोला ×6 में पिछले तीन वर्षों से उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हुआ है। जिस पर विभाग के अधिकारी नें बजट का अभाव होनें की बात कही। जिस पर विधायक प्रतिनिधि नें कहा की एक और तो प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पैसों के अभाव में किसी भी तरह से विकास कार्यों में कोई बाधा नहीं आनें की बात करती है परंतु स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी सुविधा में सरकार बजट उपलब्ध नहीं करूवा पा रही है।

**नहीं तो किसान धान बेचने से रह जाएंगे वंचित** -वहीं विधायक प्रतिनिधि ने एगरो स्टेज से किसानों को हो रही परेशानी के संबंध मे अपनी बात रखी। उन्होंने कहा की बहुंत से मामले राजस्व विभाग कें पेंडिंग है उनका निराकरण जल्द से जल्द करवाया जाए नहीं तो किसान धान बेचनें से वंचित रह जाएंगे। एक तो फसल बीमा की राशि शासन द्वारा दो वर्षों से फूंर्ण रुप से नहीं दी गई है जो काफी गंभीर विषय है।

**राशन कार्ड काटना गलत हितग्राही होंगे परेशान** - विधायक प्रतिनिधि पीयूष सोनी नें कहा की जनसंख्या बढ रही है तो राशन कार्ड भी बढनें चाहिए, परंतु शासन की गलत नीतियों के कारण राशन कार्ड कट रहे हैं, जिससे हितग्राहियों को राशन नहीं मिलेगा। वहीं बहुंत सी ऐसी योजनाएं है जिससे बीपीएल राशन कार्ड धारियों को उन योजनाओं से वंचित होना पड़ेगा। बैठक में उपस्थित खाद्यय अधिकारी नें डौंडी ब्लॉक में भी राशन कार्ड कटे जानें की बात कही।

**चिकित्सक को वापस पदस्थ करने की मांग की गई** -आयोजित बैठक में कुसुमकसा क्षेत्र की जनपद सदस्य मंजू बैस नें कुसुमकसा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक का अन्यंत्र स्थानांतरण कर दिया गया है उसे वापस कुसुमकसा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ करनें की मांग की गई । जिस पर विधायक प्रतिनिधि पीयूष सोनी नें उनका समर्थन करते हुए दुरभाष पर जिला चिकित्सा अधिकारी से चर्चा की गई जिस पर उन्होंने दस दिनों में उक्त चिकित्सक को वापस कुसुमकसा के स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ करनें का आश्वासन दिया।

**नल जल योजना के अभाव में ग्रामीणों को पेयजल को लेकर हो रही परेशानी-** आयोजित बैठक में विधायक प्रतिनिधि पीयूष सोनी नें पीएचई विभाग द्वारा ग्राम आड़ेक्षर, ग्राम बिटाल व ग्राम जाबूड़वाही में अभी तट नल जल योजना प्रारंभ नहीं किये जानें से ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से हो रही काफी परेशानी की बात कही। जिस पर उक्त विभाग के एसडीओ नें उन जगहों पर पानी का सोर्स नहीं है इस कारण योजना प्रारंभ नहीं की गई है। जिस पर विधायक प्रतिनिधि नें कहा की यदि उन जगहों पर पानी का सोर्स नहीं है तो वहां पाईप लाईन क्यों बिछा दी गई है। जिस पर एसडीओ नें पुनः बोर करवाने के लिए सदन को आश्वस्त किया।

**सुकढीगुहान में खुलेगा आंगनबाड़ी केंद्र** - विधायक प्रतिनिधि पीयूष सोनी व जनपद सदस्य शिवप्रसाद बारला नें पिछली बैठक में एक मामला उठाया था कि ग्राम सुकढीगुहान में जब आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत है तो फिर विभाग द्वारा उसे बनाने के लिए एनओसी क्यों नहीं दे रही। जिस पर विभाग के अधिकारियों ने बताया की विभाग द्वारा एनओसी प्रदान कर दी गई है, जल्द ही वहां आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण करवाया जाएगा।

# शहीद भगत सिंह ब्रिगेड ने मनाई शहीद-ए-आजम की जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 29 सितंबर।** देश की आजादी के महानायक शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती आज पूरे सम्मान, श्रद्धा और देशभक्ति के साथ मनाई गई। शहीद भगत सिंह ब्रिगेड की जिला इकाई द्वारा आज 28 सितंबर, सोमवार शहीद चौक स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकों, युवाओं और समाजसेवियों ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को नमन किया।ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष कमल शर्मा ने दी जानकारीकार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष कमल शर्मा (छायाकार, के.के. फिल्म्स) ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा हर साल शहीद भगत सिंह जी की जयंती और पुण्यतिथि पर संगोष्ठी, माल्यार्पण और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। यह हमारी परंपरा है कि हम शहीदों को याद करें और समाज सेवा में लगे लोगों का हौसला बढ़ाएं। विशिष्टजनों का किया गया सम्मान इस वर्ष के मुख्य कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्टजनों का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रमुख रूप से अनिल गर्ग , वरिष्ठ पत्रकार समाज सेवी,आरती सिंह,रिचा बजाज ,छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष संजना शुक्ला सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता,समाजसेवी शामिल हैं। इन सभी को शहीद भगत सिंह ब्रिगेड द्वारा प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कमल शर्मा ने बताया कि शहीद भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर 1907 को बंगा गांव, जिला लायलपुर, पंजाब (वर्तमान पाकिस्तान) में पिता सरदार किशन सिंह और माता विद्यावती कौर के यहां एक क्रांतिकारी परिवार में हुआ था। जलियांवाला बाग हत्याकांड से वे इतने आहत हुए कि मात्र 12 साल की उम्र में स्कूल से छुट्टी के बाद 20 किमी पैदल चलकर जलियांवाला बाग पहुंचे और वहां की रक्त से सनी मिट्टी को बोतल में भरकर घर लाए और मंदिर में रखकर रोज पूजा करते थे।8 अप्रैल 1929 को भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने नेशनल असेंबली, दिल्ली में बम फेंका था, जिसका उद्देश्य किसी को मारना नहीं, बल्कि अंग्रेजों के अत्याचारों को दुनिया के सामने लाना था।अंग्रेज हुकूमत ने कानून तोड़कर तय समय से एक दिन पहले 23 मार्च 1931 की शाम को ही भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी दे दी थी।

### 26 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

**रायगढ़, 29 सितम्बर।** 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता-2026 का भव्य शुभारंभ सोमवार को शहीद विप्लव त्रिपाठी मिनी स्टेडियम, रायगढ़ में हुआ। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग रायगढ़ के संयुक्त आयोजन में 01 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के पांच संभाग बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर एवं सरगुजा से आए बालक-बालिका खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। चार दिवसीय प्रतियोगिता में खिलाड़ी खो-खो, व्हॉलीबाल और कबड्डी में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे है। प्रतियोगिता के अंतर्गत 17 वर्ष आयु वर्ग में खो-खो एवं व्हॉलीबाल तथा 14 वर्ष आयु वर्ग में कबड्डी के मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। खेल प्रतियोगिताएं रायगढ़ स्टेडियम, बोईरदादर में हो रही हैं।

# आंगन मिलन में सेवा, सम्मान और संस्कार का संगम



**रायगढ़, 29 सितम्बर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में आयोजित 'आंगन मिलन' कार्यक्रम सिर्फ आयोजन नहीं, बल्कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण, जागरूकता और जनभागीदारी को एक साथ जोड़ने का माध्यम बन रहा हैं। जिले में अब तक 487 आंगनबाड़ी केंद्रों में 2,908 गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें 18,965 लोगों ने भाग लिया। इनमें 9,834 महिलाएं, 3,158 पुरुष और 6,877 बच्चे शामिल रहे। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और मितानिनों के योगदान को सम्मान देते हुए 1,628 का सम्मान किया गया।

आंगन मिलन के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की चहल-पहल के साथ माताओं और परिवारों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कहीं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई हुई, तो कहीं छह माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। गर्भवती और शिशुवती महिलाओं की एचबी जांच, पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शन, स्वस्थ बालक-बालिका प्रतियोगिता, कहानी एवं बाल गीत, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और पोषण संबंधी जागरूकता जैसी गतिविधियों ने कार्यक्रम को परिवारों से सीधे जोड़ा।

### गोद भराई से एचबी जांच तक, स्वास्थ्य पर फोकस

खरसिया के बोतल्दा-01 आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर पोषण टोकरी प्रदान की गई। छह माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया और कम एचबी वाली महिलाओं को आयरनयुक्त आहार तथा आवश्यक दवाओं की जानकारी दी गई। उत्कृष्ट कार्य के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इंद्रावती सारथी, सहायिका शांता कंवर और मितानिन सुमन बाई को सम्मानित किया गया।

### बच्चों की प्रतिभा के साथ पोषण का संदेश

बरभौना-2 आंगनबाड़ी केंद्र में फैंसी ड्रेस, पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शन और स्वस्थ बालक-बालिका प्रतियोगिता ने बच्चों और अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाई। आंगनबाड़ी परिसर में वृक्षारोपण किया गया। 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के तहत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में सरपंच द्वारा न्योता भोज भी कराया गया।

कोसमपाली आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों ने कहानी प्रतियोगिता और बाल गीत में हिस्सा लिया। कार्यकर्ता एवं मितानिनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना, सुकन्या समृद्धि और नोनी सुरक्षा योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन पर आंगनबाड़ी परिसर में मुनगा का पौधा रोपा गया और सभी प्रतिभागियों ने पोषण शपथ ली। कुकरीझरिया आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ता, सहायिका और मितानिन का सम्मान किया गया। बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया तथा अतिथियों ने मुनगा का पौधा लगाया। महतारी वंदन और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए। इसी तरह जिले के अन्य आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लोगों की बढ़-चढ़कर भागीदारी देखने को मिल रही है।

## समाचार संक्षेप

### मैदानी काम में तेजी लाएं, गिरदावरी शत-प्रतिशत पूरी कराएं:कलेक्टर



**रायगढ़, 29 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागवार योजनाओं, लंबित प्रकरणों और शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आमजन से जुड़े मामलों का संवेदनशीलता और समयबद्धता के साथ निराकरण करने तथा मैदानी स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। खसरा सत्यापन एवं गिरदावरी कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी अनुविभागों के एसडीएम को शत-प्रतिशत गिरदावरी पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसडीएम स्वयं फील्ड में जाकर कार्य की प्रगति की नियमित निगरानी करें। डीसीएस सर्वे का कार्य भी निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने मैदानी अमले के साथ बेहतर कार्ययोजना बनाकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।आगामी दीपावली को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने कहा कि पटाखा दुकानों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन कराया जाए। बिना लाइसेंस संचालित होने वाली पटाखा दुकानों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। सघन बाजार एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पटाखा दुकानों के संचालन के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी और आवश्यक सावधानियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने लायसेंस जारी करने से पहले सुरक्षा मानकों को पुख्ता करने अधिकारियों को विक्रय केन्द्र एवं भंडारण स्थल का भौतिक सत्यापन करने के भी निर्देश दिए।

### सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मिला मंच



**रायगढ़, 29 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति क्षमता एवं प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड स्तर पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न संकुलों से चयनित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ विषयों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत करने का अवसर मिला। इसी क्रम में रायगढ़ विकासखंड की विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन नटवर स्कूल, रायगढ़ में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न संकुल केंद्रों से चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों सहित लगभग 150 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताएं अलग-अलग आयोजित की गईं।कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुजाता चौहान एवं जनपद सदस्य श्री सुखलाल चौहान ने किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री संजय पटेल ने अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में आयोजित की जा रही गतिविधियों एवं उनके उद्देश्यों की जानकारी दी। जनपद अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। भाषण प्रतियोगिता के माध्यमिक स्तर में रोशनी निषाद प्रथम, मानसी प्रधान द्वितीय और सूरज आदित्य तृतीय रहे। प्राथमिक स्तर में प्रभा सिदार प्रथम, यामिनी निषाद द्वितीय और कनिका यादव तृतीय रहीं। चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यमिक स्तर में अन्नदा चौहान प्रथम, मिष्टी बेहेरा द्वितीय तथा शिल्पी पटेल एवं आद्या तिवारी संयुक्त रूप से तृतीय रहीं।

### जनदर्शन में व्हीलचेयर, आधार कार्ड, सहित विभिन्न मांगों को लेकर पहुंचे आवेदक, कलेक्टर ने सुनीं सभी की समस्याएं



**रायगढ़, 29 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं एवं मांगें सुनीं। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का परीक्षण कर शीघ्र एवं उचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जनदर्शन में ग्राम लिटाईपाली कुसमुरा निवासी ललित कुमार यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सौर पैनल लगाया गया है, लेकिन अब तक इसका संचालन शुरू नहीं हो पाया है। कलेक्टर ने ईई सीएसईबी को प्रकरण में शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम एकताल निवासी दिव्यांग करन गुप्ता एवं सुशीला झारा ने व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि दोनों पैर से दिव्यांग होने के कारण उन्हें आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं, तहसील तमनार के ग्राम कसडोल निवासी धरम भगत ने अपनी गर्भवती पत्नी लता भगत का आधार कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड नहीं बन पाने के कारण उनकी पत्नी को शासन की मातृत्व संबंधी योजना का लाभ लेने में परेशानी हो रही है।जनपद पंचायत खरसिया के ग्राम पंचायत नहरपाली के सरपंच ने गांव में नाली एवं सीसी रोड निर्माण की मांग रखी।

# रायगढ़ महिला संस्कृति शाखा ने गौ वंश को खिलाई हरी सब्जी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 29 सितंबर।** असहाय और मूक गोवंश की सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। इसी भावना को चरितार्थ करते हुए मारवाड़ी युवा मंच रायगढ़ संस्कृति शाखा ने कल रविवार को पितृ मोक्ष के लिए स्थानीय गोशाला में एक विशेष गो सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया इस दौरान संस्था की महिलाओं ने पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ गोवंश को लगभग 150 किलो हरी सब्जी का पौष्टिक चारा और गुड़ खिलाया इस अनुकरणीय कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व प्राचार्य श्री बाबूलाल जी चंद्रा ने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे श्री चंद्रा ने संस्था द्वारा किए जा रहे इस पवित्र कार्य और गोसेवा के प्रति समर्पण भाव की मुक्तकंठ से सराहना की उन्होंने सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के पुण्य कार्यों में भागीदार बनना सौभाग्य की बात है गौ सेवा के इस कार्य में शामिल हो कर उन्हें अत्यंत गर्व एवं खुशी महसूस हो रही है यह सौभाग्य की बात हे कि संस्था ने इस पुनीत कार्य में शामिल होने का उन्हें अवसर प्रदान किया ?कार्यक्रम के दौरान संस्था की अध्यक्ष दीप्ति गुप्ता ने गोसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि मारवाड़ी युवा मंच संस्कृति शाखा हमेशा से ही सामाजिक व मानवीय सरोकारों के लिए तत्पर रही है. उन्होंने विशेष रूप से रेखांकित किया कि शहर में फॉगिंग मशीन के संचालन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं देने के साथ-साथ, गोवंश को नियमित रूप से चारा खिलाना और उनकी सेवा करना संस्था के मुख्य एजेंडे में सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ शामिल है.?कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण यह रहा कि उपस्थित सभी महिला सदस्यों ने अपने हाथों से गायों को हरा चारा, सब्जियां और गुड़ खिलाया. इस दौरान पूरा गोशाला परिसर गो सेवा के जय कारों और एक सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। संस्था के इस सहयोगात्मक और सेवाभावी प्रयास की शहर भर में सराहना की जा रही है कार्यक्रम में राखी गुप्ता मधु गुप्ता दीप्ति गुप्ता पप्पल अग्रवाल दीपिका अग्रवाल अनु अग्रवालरेखा जैन कोमल अग्रवाल अंजू अग्रवाल अनीता अग्रवाल एवं शालू गोयल विशेष तौर पर उपस्थित रही ।

### सेवा संकल्प अभियानः पोषण पुनर्वास केंद्र बने कमजोर बच्चों के लिए उम्मीद का केंद्र

**रायगढ़, 29 सितम्बर।** किसी बच्चे के चेहरे पर मुस्कान लौटना, उसका वजन बढ़ना और फिर से सामान्य बचपन की ओर बढ़ना केवल स्वास्थ्य से जुड़ा आंकड़ा नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लिए राहत और उम्मीद की बात होती है। रायगढ़ जिले में कुपोषण के खिलाफ चल रहे प्रयासों में पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) ऐसे ही बदलाव की कहानी लिख रहा हैं। जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के प्रयासों के बीच अगस्त 2026 तक जिले के एनआरसी में 603 बच्चों को भर्ती किया गया।

## एक नजर

### मोटरसाइकिल और आइस बॉक्स से पवन कुमार की मछली की बिक्री बढ़ गई

**कोरबा, 29 सितंबर।** कटघोरा विकासखंड के ग्राम सलोरा निवासी लगभग 28 वर्षीय पवन कुमार, पिता श्री तुलसी राम, मछली बेचकर अपनी आजीविका चला रहे हैं। पहले वे साइकिल से मछली लेकर आसपास के क्षेत्रों में ही जा पाते थे। सीमित दूरी और मछली को अधिक समय तक सुरक्षित रखने की कठिनाई के कारण उनकी बिक्री बढ़ नहीं पा रही थी। मछली पालन विभाग से एक मोटरसाइकिल और एक आइस बॉक्स मिलने के बाद पवन के काम में बदलाव आया है। अब वे दूर के गांवों तक जाकर मछली बेच पा रहे हैं। आइस बॉक्स से मछली को अधिक समय तक सुरक्षित रखने में मदद मिलती है, जिससे बिक्री के लिए उन्हें अधिक समय मिलता है। पवन बताते हैं, पहले मेरे पास आय का कोई निश्चित साधन नहीं था और काफी परेशानी होती थी। साइकिल से मछली बेचने के लिए ज्यादा दूर नहीं जा पाता था। मोटरसाइकिल और आइस बॉक्स मिलने से अब गांव-गांव जाकर मछली बेचने में आसानी हो रही है। इस सहायता के लिए उन्होंने शासन और मछली पालन विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। पवन की कहानी बताती है कि आजीविका के लिए जरूरी साधन मिलने से छोटे मछली विक्रेता भी अपने काम का दायरा बढ़ा सकते हैं।

### सेवा संकल्प अभियान ने बदली अस्लम खान की जिंदगी, पीएम आवास से मिला पक्का आशियाना

**रायपुर, 29 सितंबर।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। ऐसी ही एक सेवा की कहानी मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के ग्राम पंचायत मोहला के हितग्राही अस्लम खान की है, जिनके परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से पक्की छत के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन का आधार मिला है। अस्लम खान का जीवन लंबे समय से आर्थिक चुनौतियों से घिरा रहा। सीमित आमदनी के कारण अपने संसाधनों से पक्का मकान बनाना उनके लिए संभव नहीं था। कच्चे घर में परिवार के साथ रहते हुए बारिश के मौसम में बच्चों और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती थी। ऐसे समय में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) उनके परिवार के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आई। वर्ष 2024-25 में आवास निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद योजना के अंतर्गत प्राप्त सहायता राशि और परिवार के स्वयं के प्रयासों से अस्लम खान ने अपने पक्के घर का निर्माण शुरू किया। चरणबद्ध रूप से निर्माण पूरा हुआ और आज उनका परिवार अपने स्वयं के सुरक्षित एवं पक्के आशियाने में सुकून के साथ जीवन व्यतीत कर रहा है। अस्लम खान बताते हैं, पहले बारिश के समय बच्चों और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता रहती थी। अब हमारा अपना पक्का घर है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने हमें केवल मकान नहीं दिया, बल्कि सुरक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य की उम्मीद भी दी है। नए आवास के निर्माण से परिवार को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिला है। आवास के साथ शौचालय, बिजली, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ाव होने से परिवार के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव आया है।

### छत पर सोलर पैनल लगा तो घटा बिजली का खर्च, रमेश को मिली राहत

**रायपुर, 29 सितंबर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से प्रदेश के परिवारों को स्वच्छ ऊर्जा अपनाने और बिजली का खर्च कम करने में मदद मिल रही है। सूरजपुर जिले के रामानुजनगर निवासी श्री रमेश कुमार साहू ने योजना का लाभ लेकर अपने घर की छत पर तीन किलोवाट का सौर संयंत्र लगवाया है। इससे उनके मासिक बिजली बिल में कमी आई है। श्री साहू बताते हैं कि पहले उनके घर का बिजली बिल तीन से चार हजार रुपये तक आता था। वे घर पर सौर संयंत्र लगवाना चाहते थे, लेकिन उसकी लागत उनके लिए चिंता का विषय थी। योजना के तहत मिली 1 लाख 8 हजार रुपये की सब्सिडी से संयंत्र लगवाना आसान हो गया। अब घर की बिजली की जरूरत का एक हिस्सा छत पर लगे सोलर पैनल से पूरा हो रहा है। श्री साहू ने कहा कि सौर संयंत्र लगने के बाद बढ़ते बिजली बिल से राहत मिली है। उन्होंने योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। वे अपने परिचितों को भी योजना की जानकारी दे रहे हैं और सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# विकासखंड स्तरीय चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता में 300 से अधिक छात्रों ने लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 29 सितंबर।** सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत सोमवार को विभिन्न विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम एम.डी.व्ही.विद्यालय, बलौदाबाजार में आयोजित हुआ। इस आयोजन में ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजित प्रतियोगिताओं में भाषण, चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। इन प्रतियोगिताओं में 341 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया।भाषण में 5, चित्रकला में 20 एवं रंगोली प्रतियोगिता में चयनित 5 प्रतिभागी 3 अक्टूबर को आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। विकासखण्ड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता मे 120 प्रतिभागी शामिल हुए जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला रसेड़ा के छात्र विवेक घृतलहरे, शासकीय प्राथमिक शाला बेसिक शाला बलौदाबाजार की छात्रा कु, अर्चना घृतलहरे, सेजेस पूर्व मा. शाला अर्जुनी की छात्रा कु सौम्या वर्मा, पूर्व मा. शाला गिंदोला की छात्रा दीपिका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।विकासखण्ड स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता मे 166 ने भाग लिया जिसमें शास. प्राथमिक शाला बेसिक शाला बलौदाबाजार की कु, अर्चना घृतलहरे, शास. प्रा. शाला मगरचबा की कुसुम कोसले, सेजेस पूर्व मा. शाला- अर्जुनी के छात्र प्रिंस भारद्वाज, वर्धमान विद्या पीठ ब.बाजार की छात्रा श्रुति निषाद ने उत्कृष्त प्रदर्शन किया।विकासखण्ड स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता कुल 55 प्रतिभागी 55 जिसमें सेजेस एम.डी.व्ही. बलौदाबाजार की छात्रा डिंपल कन्नौजे, वर्धमान विद्या पीठ ब.बाजार के प्रिंस कौशिक, शासकीय प्राथमिक शाला बेमेतरा की छात्रा लालिमा ध्रुव शासकीय प्राथमिक शाला करमदा की छात्रा गरिमा मेहर ने उत्कृष्त प्रदर्शन किया। आयोजन में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र टण्डन, विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक गोपाल वर्मा, एम.डी.व्ही. प्राचार्य ऋतु शुक्ला तथा निर्णयक रूद्रकुमार चंन्द्रवंशी, प्रकाश सेन, अजय नथेनियल, ओमप्रकाश कोसले, धीरेन्द्र नामदेव, भुपेन्द्र पटेल आदि उपस्थित रहे।



# बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता से खड़ी है सरकार : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

- राहत शिविर में प्रभावितों को स्वयं भोजन परोसकर मुख्यमंत्री ने बढ़ाया हौसला
- सुकमा में बाढ़ प्रभावित करीब 300 परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलेंगे 10-10 हजार रुपये अतिरिक्त
- बाढ़ से हुई क्षति का शीघ्र आकलन कर आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा देने के निर्देश



**रायपुर 29 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज सुकमा जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर उनका हाल जाना। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बाढ़ से प्रभावित शबरीनगर, श्रीनगर, लाइनपारा सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने राहत एवं स्वास्थ्य शिविरों में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं एवं आवश्यकताएं जानीं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रभावित परिवारों को भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके साथ खड़ी है। बाढ़ से जिन परिवारों के मकान, घरेलू सामान अथवा अन्य संपत्ति को नुकसान पहुंचा है, उन्हें नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने के साथ राहत और पुनर्वास के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने शबरीनगर में स्थापित राहत एवं स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री राहत शिविर में रह रहे प्रभावित लोगों के बीच पहुंचे और उन्हें स्वयं भोजन परोसकर आत्मीयता के साथ उनका हालचाल जाना।

मुख्यमंत्री बाढ़ प्रभावित परिवार के घर भी पहुंचे। उन्होंने परिवार के सदस्यों से बातचीत कर बाढ़ के दौरान उत्पन्न परिस्थितियों और हुए नुकसान की जानकारी ली तथा उन्हें ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों की कठिनाइयों को समझते हुए सहायता पहुंचाने में किसी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि 23 एवं 24 सितंबर को हुई अतिवृष्टि से सुकमा जिले के अनेक क्षेत्रों में बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति निर्मित हुई थी। प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों के साथ स्वास्थ्य शिविर संचालित किए जा रहे हैं। जरूरतमंद परिवारों को तात्कालिक सहायता, सूखा राशन एवं गर्म वस्त्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच के साथ पेयजल स्रोतों का क्लोरीनेशन और आवश्यक स्वच्छता संबंधी उपाय भी किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कोंटा क्षेत्र में भी बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया। पिछले दिनों लगातार बारिश के कारण सबरी नदी में जलस्तर बढ़ने से नदी किनारे के गांवों के साथ कोंटा नगर पालिका के चार वार्डों में पानी भर गया था। कोंटा क्षेत्र में प्रभावितों के 19 राहत केंद्रों में ठहरने, भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है।

मुख्यमंत्री ने बाढ़ से क्षतिग्रस्त मकानों को देखा और प्रभावित परिवारों से बातचीत की। उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ से मकानों, घरेलू सामान तथा अन्य परिसंपत्तियों को हुए नुकसान का प्राथमिकता से आकलन करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि पात्र प्रभावितों को आरबीसी 6-4 के प्रावधानों के तहत मिलने वाली क्षतिपूर्ति राशि शीघ्र प्रदान की जाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बाढ़ के कारण घरों में रखे सामान को नुकसान पहुंचने से प्रभावित परिवारों के लिए अतिरिक्त आर्थिक सहायता के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे करीब 300 प्रभावित परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 10-10 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी। यह राशि आरबीसी 6-4 के तहत पात्रता के अनुसार मिलने वाली सहायता के अतिरिक्त होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को सामान्य जीवन की ओर लौटने में हर संभव सहयोग दिया जाए। क्षति के आकलन से लेकर सहायता राशि के वितरण तक पूरी प्रक्रिया संवेदनशीलता और तत्परता के साथ पूरी हो। कोई भी पात्र परिवार सहायता से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत के बाद अब पुनर्वास के कार्यों को भी तेजी से आगे बढ़ाया जाए। जिन परिवारों ने इस आपदा में नुकसान सहा है, उनकी आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए शासन की सहायता समय पर उन तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रत्येक प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है।

## पिपराहा तालाब में चलाया गया स्वच्छता अभियान,श्रमदान कर की गई साफ़ सफाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,29 सितंबर।** सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा 2026 अंतर्गत सोमवार को नगर पालिका परिषद बलोदाबाजार के वार्ड क्रमांक 6 स्थित पिपराहा तालाब मे नगर पालिका द्वारा सतत सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तालाब के किनारे एवं जल क्षेत्र में जमा जलीय खरपतवार एवं अन्य अवांछित सामग्री को जनप्रतिनिधि गण, पालिका अधिकारी-कर्मचारी द्वारा श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया , जिससे तालाब का स्वरूप स्वच्छ एवं व्यवस्थित हों। नगर पालिका परिषद बलोदाबाजार द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि तालाब में कचरा, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट न डालें और इस ऐतिहासिक धरोहर को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने में नगर पालिका का सहयोग करें। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले मे 17 सितम्बर से सेवा मेरा योगदान अंतर्गत नगरीय निकायों मे शहर के तालाब परिसर,सड़क,चौरहो एवं जलभराव क्षेत्र में नियमित रूप से सफाई कार्य किया जा रहा है । अभियान में वार्ड पार्षद हरजीत सिंह सलूजा,सतीश पटेल,जितेंद्र कुमार डडसेना, मनोज कांत पुरेना,मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी व अन्य कार्यालयीन कर्मचारीगण एवं नागरिकगण उपस्थित थें।


**शपथ पत्र**

मैं सोमलू धुर्वा (Somlu Dhurva) पिता मासा (Masa) उम्र 58 वर्ष, निवासी ग्राम पुसनार, तहसील - गंगालूर, जिला बीजापुर, (छ.ग.), शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि:-

1. मैं ग्राम पुसनार, तहसील गंगालूर, जिला बीजापुर, (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूँ।
2. मेरे पुराना नाम सोमलू पुनेम (SOMLU PUNEM) पिता मासा पुनेम (MASA PUNEM) है और मैं अपना नाम बदलकर सोमलू धुर्वा (Somlu Dhurva) पिता मासा (Masa) करवाना चाहता हूँ।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायलय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं हैं और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

स्थान :- बीजापुर
दिनांक: 22/09/2026

शपथकर्ता

**सत्यापन**

पुसनार, मैं सोमलू धुर्वा (Somlu Dhurva) पिता मासा (Masa) उम्र 58 वर्ष, निवासी ग्राम तहसील- गंगालूर, जिला बीजापुर, (छ.ग.) सत्य निष्ठापूर्वक घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कांड़िका 01 से 05 की अर्न्तवस्तु मेरे व्यक्तिगत ज्ञान व विश्वास में सत्य व सही है। आज दिनांक 22/09/2026 को स्थान बीजापुर मे सत्यापित कर अपना हस्ताक्षर किया।

शपथकर्ता



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202609090100015**

विषय:- अ-21(1) सन् 2025-2026

**मामले की श्रेणी :- राजस्व**

बधियाटोला प.ह.न. 00023
[ 100/3(0.4010 हे.) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार मेरी ग्रेसी लकड़ा,
अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन द्वारा राजस्व विभाग, दीपक चंदाराणा पिता सतीश चंदाराणा एवं अन्य 01..

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका मेरी ग्रेसी लकड़ा पति प्रशांत देव पराशर, निवासी गली नंबर-02, वी.आर. कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट के पास, केदारबाड़ी, चमन नगर, वार्ड नंबर-3, डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा स्वयं के स्वामित्व की ग्राम बधियाटोला, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 100/3, रकबा 0.401 हे. भूमि को पुत्री की शैक्षणिक आवश्यकताओं हेतु रकम की आवश्यकता होने से गैर आदिवासी व्यक्ति दीपक चंदाराणा पिता सतीश चंदाराणा एवं अन्य 01, दोनों निवासी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव के पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज के प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 12/10/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/09/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
डोंगरगढ़


## उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने की सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की गहन समीक्षा

**रायपुर, 29 सितंबर।** उप मुख्यमंत्री तथा बेमेतरा जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव ने आज बेमेतरा जिला मुख्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में निर्धारित गतिविधियों और कार्यक्रमों के नोडल अधिकारियों से अभियान के तहत जिले में प्रस्तावित गतिविधियों और अब तक की तैयारियों की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री दयाल दास बघेल तथा विधायकगण श्री दीपेश साहू एवं श्री ईश्वर साहू भी बैठक में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह शासन-प्रशासन को जनता के प्रति और अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और सेवाभावी बनाने का संकल्प है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस अभियान में सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए और निर्धारित सभी गतिविधियों को सर्वोच्च प्राथमिकता से सफल बनाया जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत बेमेतरा जिले के चारों विकासखंडों - बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ और साजा में सेवा ज्योति कलश यात्रा का आयोजन किया जाए। यह कलश यात्रा प्रत्येक ग्राम पंचायत से होते हुए सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का संदेश लेकर जाएगी। यात्रा के दौरान स्वच्छता, जनसेवा और सुशासन की अलख जगाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को यात्रा के रूट चार्ट, सुरक्षा एवं जनभागीदारी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कलश यात्रा का सफल समापन जिला मुख्यालय में करने और सभा आयोजित प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का देश के नाम संबोधन को सुनने की व्यवस्था के निर्देश दिए। बैठक में श्री साव ने सेवा का रंग, राष्ट्र के संग थीम पर आयोजित होने वाली विशेष रंगोली कार्यक्रम की भी समीक्षा की।

## एशियन गेम्स की स्वर्णपदक विजेता टीम की संजू देवी को सीएम ने 51 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की

**रायपुर, 29 सितंबर।** एशियन गेम्स 2026 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला कबड्डी टीम की सदस्य और छत्तीसगढ़ की बेटी सुश्री संजू देवी ने आज मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए सुश्री संजू देवी को बधाई देते हुए उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सुश्री संजू देवी को 51 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुश्री संजू देवी ने अपने उत्कृष्ट खेल, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से अंतरराष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ और पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। उनकी यह उपलब्धि प्रदेश की बेटियों और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की प्रतिभाओं में अपार सामर्थ्य है। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर प्रशिक्षण, संसाधन और प्रोत्साहन मिले, ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश और देश का नाम रोशन करें।

मुख्यमंत्री ने सुश्री संजू देवी से एशियन गेम्स के अपने अनुभवों और भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन के संबंध में आत्मीय बातचीत की। उन्होंने संजू देवी की मेहनत और खेल के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक खिलाड़ी की उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं होती, बल्कि वह अपने साथ हजारों युवाओं के सपनों को भी नई उड़ान देती है। संजू देवी की सफलता प्रदेश के गांवों और छोटे शहरों में खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सपना देख रहे बच्चों और युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ाएगी।

उल्लेखनीय है कि जापान में आयोजित एशियन गेम्स 2026 की महिला कबड्डी स्पर्धा में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में ईरान को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारतीय टीम की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले की सुश्री संजू देवी ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेल और खिलाड़ियों के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। हमारा संकल्प है कि प्रदेश के दूरस्थ अंचलों से निकलने वाली प्रतिभाओं को भी अपनी क्षमता निखारने और देश-दुनिया के खेल मंचों तक पहुंचने के पर्याप्त अवसर मिलें। सुश्री संजू देवी जैसी प्रतिभाओं की उपलब्धियां इस संकल्प को और मजबूत करती हैं।

# सेवानिवृत्ति के दिन कर्मचारी के हाथ मे हो पीपीओ: कलेक्टर

- लंबित पेंशन प्रकरणों के 30 अक्टूबर तक निराकरण के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 29 सितंबर।** छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के निर्देशानुसार पेंशन प्रकरणो का शीघ्र निराकरण हेतु सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार मे पेंशन निराकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे समस्त विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारी शामिल हुए और लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु दिशा- निर्देश प्राप्त किये। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राज्य शासन की मंशानुसार सेवनिवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों के पेंशन एवं अन्य देयतायें उसी दिन भुगतान करने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि लबे समय तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त होने पर कर्मचारियों को उनकी पेंशन एवं अन्य देयतायें आसानी से मिल जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि सेवानिवृत्ति के दिन कर्मचारी के हाथ मे पेंशन पेमेंट ऑर्डर की प्रति हो ताकि उसे अपने पेंशन के लिये कार्यालय का चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि अब तक लंबित लगभग 317 प्रकरणों का निराकरण आगामी 30 अक्टूबर तक एवं आधार से मैपिंग नहीं हुए प्रकरणों को 5 अक्टूबर तक पूरा कराएं।उन्होंने कहा कि सेवा निवृत्त होने के 24 महीने पूर्व ही पेंशन एवं अन्य स्वत्वों के भुगतान हेतु प्रक्रिया शुरू करें। जिला कोषालय हर माह सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सूची और उनमे से सेवा निवृत्ति के दिन पेंशन आदेश की प्रति एवं सभी देयता प्राप्त करने वालों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये। शिविर मे विभिन्न विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियो द्वारा रखे गए समस्यायों के सम्बंध मे उपयुक्त जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी सौम्या शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं आहरण संवितरण अधिकारी उपस्थित थे।

## रोजगार सृजन और आर्थिक विकास का प्रभावी माध्यम बन सकते हैं नवाचारी विचार: राज्यपाल

**रायपुर, 29 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा है कि यदि युवाओं के नवाचार को उचित मार्गदर्शन, पूंजी और संस्थागत सहयोग मिले तो उनके विचार रोजगार सृजन और आर्थिक विकास के प्रभावी माध्यम बन सकते हैं। श्री डेका ने कहा कि वास्तविक आत्मनिर्भरता तभी संभव है जब नवाचार और उद्यमिता के अवसर राज्य के प्रत्येक क्षेत्र तक पहुंचें। उन्होंने विशेष रूप से आदिवासी बहुल बस्तर तथा सरगुजा और अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से उभरते नवाचारों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नवाचार एवं उद्यमिता विकास की सबसे ज्यादा संभावनाएं कृषि आधारित उद्योगों में है, इनसे किसानों एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अधिक लाभ मिलेगा। राज्यपाल श्री डेका आज यहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा कृषि मंडपम में 28 से 30 सितम्बर तक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, छत्तीसगढ़ बायोटेक प्रमोशन सोसायटी तथा राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के सहयोग से आयोजित ÷छत्तीसगढ़ यूथ इनोवेशन एवं एंटरप्रेन्योरशिप कॉन्क्लेव 2026÷ के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री डेका ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रथम एवं एकमात्र बायोटेक्नोलॉजी सेक्टर-केंद्रित सुभाष चंद्र बोस बायोटेक्नोलॉजी इन्क्यूबेशन सेंटर के नवनिर्मित भवन का शुभारंभ भी किया। यह केंद्र प्रदेश में बायोटेक्नोलॉजी आधारित अनुसंधान, नवाचार, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, स्टार्टअप विकास एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण संस्थागत आधार के रूप में कार्य करेगा।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्रमांक199843/निविदा सूचना क्रमांक 08/वलेलि/2026-27, कवर्धा, दिनांक 23.09.2026

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **14.10.2026** समय **17:30** तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः

**कार्य का नामः** कबीरधाम जिले के विकासखण्ड सहसपुर लोहारा के दमऊनाला व्यपवर्तन योजना के अंतर्गत मुख्य नहर की आर.डी. 540 मीटर से आर.डी. 1420 मीटर, आर.डी. 1950 मीटर से 2330 मीटर, आर.डी. 2490 मीटर से 3210 मीटर, 3360 मीटर से 3630 मीटर एवं आर.डी. 4020 मीटर से 5290 मीटर तक रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य, तथा 03 नग व्ही.आर.बी., 03 नग सुपर पैसेस, 03 नग सी.डी. पक्की संरचनाओं का निर्माण एवं 08 नग कोलाबा फिक्सिंग कार्य।

**अनुमानित लागतः** **रूपये 252.72 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर **दिनांक 30.09.2026** समय **17:31** बजे से देखे तथाडाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
**कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार**

**जी- 262703577/7** **जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)**

## एक नजर

### ललित मिश्रा को डी. लिट्

**रायपुर 29 सितंबर।** प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर समाज में जागरुकता, साहित्य, कला, शिक्षा का



उन्नयन, नारीशक्ति के संरक्षण एवं संवर्धन तथा सामाजिक समरसता के क्षेत्र में अद्वितीय एवं ऐतिहासिक योगदान के लिए ललित मिश्रा को डी.लिट् (डॉक्टरेट) की उपाधि से विभूषित किया गया। डॉक्टरेट की यह सर्वोच्च उपाधि डॉ. एस. राधाकृष्णन रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर बैंगलोर के प्रस्ताव पर ग्लोबल इन एनवायरमेंट यूनिवर्सिटी ऑफ़अमेरिका द्वारा प्रदान किया गया। श्री मिश्रा महान स्वतंत्रता सेनानी, छत्तीसगढ़ी के आदि कवि पंडित सुंदरलाल शर्मा परिवार से हैं। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्रोत अपनी धर्म पत्नी प्रख्यात साहित्यकार एवं कवि पूर्व प्राचार्य शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम डॉ सविता मिश्रा को बताया।

### होर्डिंग पोल में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**रायपुर 29 सितंबर।** पंडरी थाना क्षेत्र के एक कार शो रूम के पास अज्ञात युवक का होर्डिंग पोल में फांसी के फंदे से लटका शव मिला है. जानकारी के मुताबिक, पंडरी इलाके में मंगलवार सुबह एक कार शो रूम के पास होर्डिंग पोल में गमछा से लटका हुआ शव मिला है. घटना के बाद लोगों की भीड़ जुट गई. उन्होंने पुलिस को युवक की लाश मिलने की सूचना दी. जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है. प्रारंभिक जांच में मृतक के सिर पर चोट के निशान मिले हैं, जो घटना को संदिग्ध बना रहे हैं. फिलहाल मृत युवक की पहचान नहीं हो पाई है. उसकी उम्र करीब 35 साल होने का अनुमान है. घटनास्थल पर पहुंचने के बाद फोरेंसिक टीम सभी अहम साक्ष्य जुटाएगी. पंचानमा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा. शहर में गणेश विसर्जन के दौरान सामने आई सनसीखेज घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है.

### बजाज फाइनेंस की 'नॉकआउट डिजिटल फ्रॉड' पहल

**रायपुर 29 सितंबर।** देश भर में तेजी से बढ़ रहे साइबर फ्रॉड के मामलों को देखते हुए, नागरिकों को उभरते हुए ऑनलाइन वित्तीय घोटालों, साइबर स्वच्छता और डिजिटल धोखाधड़ी की त्वरित रिपोर्टिंग के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने बिलासपुर में अपने 'नॉकआउट डिजिटल फ्रॉड' जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। सीएमडी चौक के पास बजाज फाइनेंस द्वारा आयोजित इस विशेष जागरूकता अभियान में 100 से अधिक विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को सुरक्षित डिजिटल लेनदेन और जिम्मेदार वित्तीय आदतों के प्रति शिक्षित करना था। बजाज फाइनेंस की 'नॉकआउट डिजिटल फ्रॉड' पहल बजाज फाइनेंस देश भर में डिजिटल वित्तीय साक्षरता को मजबूत करने और उपभोक्ताओं को बदलते साइबर खतरों को पहचानने में मदद करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। यह पहल गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के फ्रॉड रिस्क मैनेजमेंट दिशानिर्देशों के अनुरूप है। इसका उद्देश्य सुरक्षित डिजिटल लेनदेन, साइबर स्वच्छता और ऑनलाइन वित्तीय सेवाओं के जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूकता पैदा करना है। केवल पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान, बजाज फाइनेंस ने भारत भर में 100 से अधिक जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित कीं।

### न्यू हॉलैंड ने छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया दमदार ट्रैक्टर

**रायपुर 29 सितंबर।** सीएनएच के ब्रांड, न्यू हॉलैंड ने छत्तीसगढ़ में 3230 टीएक्स ट्रैक्टर लॉन्च किया है, जिससे राज्य में उसके ट्रैक्टर का पोर्टफोलियो और मज़बूत हुआ है। 2डब्ल्यूडी और 4डब्ल्यूडी दोनों वैरिएंट में उपलब्ध, 42 एचपी वाला न्यू हॉलैंड 3230 टीएक्स किसानों को खेती के कई तरह के काम में मदद करेगा। इसे सीडर और खेती से जुड़े अन्य कामों के लिए इस्तेमाल होने वाले अलग-अलग उपकरणों के साथ आसानी से जोड़ा जा सकता है। यह ट्रैक्टर दमदार पावर, बेहतर ईंधन बचत, चालक के आराम, सुरक्षा और मजबूती को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, ताकि खेती से जुड़े काम अधिक कुशलता और सुविधाजनक तरीके से किए जा सकें। न्यू हॉलैंड 3230 टीएक्स, 6,59,999 की पेशकश मूल्य पर उपलब्ध है, जिससे ग्राहक ?1.25 लाख तक की बचत कर सकते हैं। इस त्योहारी पेशकश में ऑन-रोड कीमत पर ?50,000 तक की बचत और वित्तपोषण लाभ के ज़रिए ?75,000 तक की बचत शामिल है, साथ ही ब्याज दरें 4.99व्र से शुरू होती हैं। नियम और शर्तें लागू ग्राहक 30 एचपी से अधिक क्षमता वाले न्यू हॉलैंड ट्रैक्टरों पर एक साल की नि:शुल्क सर्विस का लाभ भी उठा सकते हैं, जिसमें इंजन ऑयल, फिल्टर और लेबर चार्ज (तीन सर्विस तक) शामिल हैं।

### 'वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे' मनाया गया

रायपुर 29 सितंबर। कृष्णा विकास ग्लोबल यूनिवर्सिटी के तहत कृष्णा के विकास इंस्टीट्यूट ऑफ़फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च ने 'वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे' बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस वर्ष की मुख्य थीम हेल्दी फ्यूचर के लिए फार्मासिस्ट को मज़बूत बनाना थी, जबकि फार्मेसी काउंसिल ऑफ़ इंडिया की सब-थीम स्वस्थ भारत: एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस का मुकाबला करना रही। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद एक कीनोट थीम एड्रेस हुआ और स्कूल ऑफ़फार्मेसी के हेड डॉ. संदीप कुमार सोनकर ने फार्मासिस्ट डे की ऑफिशियल शपथ दिलाई।

#### निधन

### दिवाकर सिन्हा

**रायपुर।** वरिष्ठ अधिवक्ता दिवाकर सिन्हा का देहांत



28 सितंबर की रात्रि में हो गया है। पार्थिव शरीर आज दोपहर 3:00 बजे चेन्नई से रायपुर निवास एम 3 राजीव नगर शंकर नगर रायपुर में लाया जाएगा । अंतिम संस्कार कार्यक्रम आज संध्या 04:00 बजे देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा।

विदाई.....



रायपुर, 29 सितंबर। राजधानी में आज सुबह तक विसर्जन झांकियों के निकलने का सिलसिला जारी रहा।

# डीजे और धुमाल की तेज आवाज से गिरा जर्जर भवन का छज्जा

■ गणेश विसर्जन झांकी के दौरान बड़ा हादसा



**रायपुर 29 सितंबर।** एमजी रोड इलाके में मंजू ममता रेस्टोरेंट के पास तेज डीजे और धुमाल के वाइब्रेशन के कारण एक दुकान की छत का छज्जा गिर गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आया है। राजधानी में गणेश विसर्जन झांकी के दौरान रातभर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। शारदा चौक से महादेवघाट तक निकली झांकियों को देखने के लिए शहर के अलग-अलग इलाकों से लोग पहुंचे। जयस्तंभ चौक और आसपास के क्षेत्रों में देर रात तक लोगों की मौजूदगी रही। झांकियों में धार्मिक प्रसंगों को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने के लिए लोग रास्ते के दोनों ओर खड़े नजर आए। इस बार झांकियों में कई अलग-अलग धार्मिक कथाओं और प्रसंगों को शामिल किया गया। एक झांकी में वासुकी नाग और गरुड़ के बीच युद्ध की थीम दिखाई गई। दूसरी झांकी में यमलोक में रावण के हमले का दृश्य प्रस्तुत किया गया। वहीं एक अन्य झांकी में भगवान श्रीकृष्ण को गरुड़ का घमंड तोड़ते हुए दिखाया गया।

इन झांकियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और आम लोग पहुंचे। रातभर झांकी मार्ग पर भारी भीड़ रहने के कारण यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई। कई स्थानों पर लोगों की भीड़ के चलते रास्ता संकरा हो गया। इसी दौरान एक एंबुलेंस भीड़ में फंस गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने लोगों को हटाकर एंबुलेंस के लिए रास्ता बनाया और उसे बाहर निकाला। झांकी देखने पहुंची दुर्ग की एक महिला भी भीड़ के बीच अपने परिवार से बिछड़ गई। महिला ने पुलिस सहायता केंद्र से मदद मांगी। इसके बाद सहायता केंद्र की टीम ने महिला की मदद की और परिवार तक पहुंचाने की कार्रवाई की।

झांकी मार्ग पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को देखते हुए सभी तरह के वाहनों की एंट्री बंद रखी गई थी। ट्रैफिक पुलिस ने पहले ही इसके लिए एडवाइजरी जारी की थी। पूरे मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा और ड्रोन तथा सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की गई। डीजे और साउंड सिस्टम के इस्तेमाल को लेकर भी नियम तय किए गए थे। तेलघानी नाका से शारदा चौक तक पुलिस ने चेकिंग अभियान भी चलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में कड़े और देशी शराब की बोतलें जब्त की गईं। झांकी मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें रातभर सक्रिय रहीं।

### रायपुर के रितेश बने 'इंडियाज बेस्ट डांसर



**रायपुर 29 सितंबर।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के 'इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5' का ग्रैंड फिनाले में रितेश पाल ने चमचमाती ट्रॉफी और 15 लाख जीत कर रायपुर का नाम रौशन कर विनर बने । उनके कोरियोग्राफर थे प्रतीक उटेकर । रितेश ने सभी जजों का धन्यवाद किया और खिताफ अपने नाम किया । सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के इस सीजन में 'इंडिया वाला डांस' थीम पर महीनों तक शानदार परफॉर्मेंस और यादगार डांस पलों के बाद, रायपुर के रितेश पाल और उनके कोरियोग्राफर प्रतीक उटेकर इस सीजन के विनर बने ।छत्तीसगढ़, रायपुर के रितेश की जर्नी शुरु से ही जुनून और अलग-अलग तरह के डांस करने की काबिलियत भरी रही । उन्होंने लगातार अपनी सीमाओं को चुनौती दी, इस सीजन में तीन बार मशहूर 'बैटल ट्रॉफी' जीती और अपनी दमदार और बेहतरीन डांस परफॉर्मेंस के लिए तारीफें बटोरीं । अपने शानदार टैलेंट, लगातार अच्छा प्रदर्शन करने और लगन के दम पर यह जोड़ी विजेता बनकर उभरी और एक रोमांचक ग्रैंड फिनाले के बाद मशहूर ट्रॉफी अपने नाम की ।

# रायपुर मंडल में चला व्यापक स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान

**रायपुर रायपुर 29 सितंबर।** रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर रेल मंडल में स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत थीम पर 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2026 तक 'स्वच्छता ही सेवा (स्ाास)-2026' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य रेलवे परिसरों में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के साथ यात्रियों एवं आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

इसी क्रम में 25 से 27 सितम्बर 2026 तक इस अभियान के तहत रायपुर मंडल के प्रमुख एवं अधिक यात्री आवागमन वाले रेलवे स्टेशनों पर व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान स्टेशन परिसरों के सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, फुट ओवर ब्रिज, पेयजल स्थलों, प्रसाधनों में विशेष साफ-सफाई कर स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाया गया।

इसके साथ ही स्टेशन परिसरों एवं आसपास स्थित सार्वजनिक शौचालयों तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसरों में भी गहन साफ-सफाई सुनिश्चित की गई। 27 सितंबर को सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री राजेश साह ने दुर्ग स्टेशन पर स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता किट प्रदान किए साथ ही पूरे स्टेशन परिसर में डस्टबिन की सुनिश्चिता एवं स्वच्छता जागरूकता हेतु यात्रियों को प्रेरित किया।

रायपुर रेलवे स्टेशन पर मुख्य स्टेशन




प्रबंधक, वाणिज्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक सहित स्वच्छता कर्मियों ने स्वच्छता जागरूकता रैली के माध्यम से प्लेटफार्म पर बैठे यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं स्वच्छ जिम्मेदार यात्री बनने हेतु प्रेरित किया।

'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए मंडल के प्रमुख एवं अन्य स्टेशनों पर थीम आधारित बैनर, पोस्टर एवं स्वच्छता संदेश प्रदर्शित किए गए। इनके माध्यम से यात्रियों को स्वच्छता के महत्व तथा रेलवे परिसरों को स्वच्छ रखने में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया गया।अभियान के दौरान यात्रियों एवं आमजन को पेम्पलेट वितरित कर स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया द्य साथ ही यात्रियों से स्टेशन परिसर में कचरा इधर-उधर न फेंकने, उपलब्ध कूड़ेदानों का उचित उपयोग करने तथा कचरे का उचित निस्तारण सुनिश्चित करने की अपील की गई।

यात्रियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने तथा पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही यात्रियों को पर्यटन, स्वच्छता एवं नागरिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हुए रेलवे परिसरों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया।

### जीके जेसीबी ने लॉन्च किया नया 3डीएक्स बैकहो लोडर

**रायपुर 29 सितंबर।** जीके ग्रुप की इकाई जीके जेसीबी ने रायपुर में नए जेसीबी 3DX बैकहो लोडर का भव्य शुभारंभ किया। नए मॉडल में ग्राहकों और ऑपरेटरों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बेहतर आराम, सुविधाओं और उत्पादकता पर विशेष ध्यान दिया गया है। लॉन्च समारोह में 580 से अधिक ग्राहक, व्यावसायिक सहयोगी और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए। कंपनी के अनुसार, अब तक 12 मशीनों की डिलीवरी की जा चुकी है। कार्यक्रम के दौरान नए जेसीबी 3ष्ठङ्ग बैकहो लोडर की प्रमुख विशेषताओं और उसमें किए गए बदलावों की जानकारी दी गई। नए जेसीबी 3DX बैकहो लोडर में ऑपरेटरों के आराम और बेहतर कार्य अनुभव को प्राथमिकता दी गई है। इसमें शामिल नए फीचर्स का उद्देश्य लंबे समय तक काम करने वाले ऑपरेटरों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना और मशीन की कार्यक्षमता एवं उत्पादकता को बढ़ाना है। इस अवसर पर जेसीबी इंडिया की ओर से सेंट्रल रीजन के क्षेत्रीय व्यवसाय प्रमुख अनंत सिंह, बैकहो लोडर एवं मिड रेंज के क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक रत्नेश शर्मा, अनूप सिंह, महेंद्र भाले राव, इमरान मिर्जा, गौरव गुप्ता, महीर प्रसाद, दलजीत सिंह और अक्षय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, जीके जेसीबी की ओर से निदेशक पुनीत परवानी, बिक्री महाप्रबंधक रविकांत वर्मा सहित कंपनी की अन्य टीम मौजूद रही। जीके जेसीबी के निदेशक पुनीत परवानी ने कहा कि कंपनी का मुख्य फोकस ग्राहकों की मशीनों को अधिकतम समय तक कार्यशील बनाए रखने, ऑपरेटरों के आराम और सक्रिय सेवा पर रहा है।

# चेंबर ने केंद्र सरकार का जताया आभार

**रायपुर 29 सितंबर।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए टैक्स ऑडिट रिपोर्ट और ऑडिट से जुड़े आयकर



रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथियों में विस्तार किए जाने के निर्णय का छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने स्वागत किया है। चेम्बर ने इस व्यावहारिक व राहतकारी निर्णय के लिए माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री एवं सीबीडीटी का आभार व्यक्त किया है।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि पिछले कुछ समय से ई-फाइलिंग पोर्टल पर आ रही तकनीकी समस्याओं, अत्यधिक सर्वर लोड और भारी कार्यभार के कारण प्रदेशभर के व्यापारियों, उद्योगपतियों और कर सलाहकारों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। 30 सितंबर की समय-सीमा नजदीक होने से व्यापारिक वर्ग पर भारी मानसिक दबाव बना हुआ था। चेम्बर लगातार शासन-प्रशासन के समक्ष इस व्यावहारिक कठिनाई को रखकर समय-सीमा बढ़ाने की मांग कर रहा था।

सीबीडीटी द्वारा टैक्स ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की तिथि 30 सितंबर से बढ़ाकर 21 अक्टूबर 2026 और ऑडिट से संबंधित आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 21 नवंबर 2026 करने से प्रदेश सहित देशभर के लाखों करदाताओं व प्रोफेशनल्स को बड़ी राहत मिली है। चेम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने आगे कहा कि इस 21 दिनों के अतिरिक्त समय से व्यापारी एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट्स बिना किसी तकनीकी हड़बड़ी के अपने खातों की जांच और सही वित्तीय जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे। यह निर्णय केंद्र सरकार के 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और करदाताओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण को दर्शाता है।

### आयकर रिटर्न की अंतिम तिथि बढ़ाकर 21 नवंबर की गई

**रायपुर 29 सितंबर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन श्री सुरिन्दर सिंह, श्री जीवत बजाज, प्रदेश महामंत्री श्री अवनीत सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जग्गी, श्री वासु माखीजा, श्री राम मंधान, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी एवं श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि Assessment Year 2026-27 के लिए Section 92श्व के अंतर्गत आने वाले मामलों को छोड़कर, ऑडिट के दायरे में आने वाले व्यापारियों एवं अन्य करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 से बढ़ाकर 21 नवंबर 2026 कर दी है। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन श्री अमर पारवानी ने कहा कि वर्तमान में व्यापारिक प्रतिष्ठानों में ऑडिट, लेखांकन, आवश्यक दस्तावेजों के संकलन तथा आयकर संबंधी अनुपालन की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में समयसीमा में विस्तार से करदाताओं एवं कर पेशेवरों को अपने अनुपालन कार्यों को अधिक व्यवस्थित एवं सावधानीपूर्वक पूरा करने का अवसर मिलेगा।

### गांजा की खेती पर प्रतिबंध लगाने शाह से मांग

**रायपुर 29 सितंबर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा तथा महामंत्री किशोर आहूजा ने केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के नशे के खिलाफ अभियान चलाने की बहुत बहुत प्रशंसा की है । श्री आहूजाद्वय ने कहा कि अमित शाह जी प्रधानमंत्री मोदी की छाया बनकर उनके विश्वस्त सहयोगी के रूप में उनके हर कार्य को सफल बनाने में आगे आकर सफलता प्राप्त कर रहे है। सर्वप्रथम पश्चिम बंगाल में पिछले 5 वर्षो से सक्रिय भूमिका निभाकर सरकार बनाने में उनका बहुत बड़ा हाथ है । देश के किसी भी राज्य में जो भी समस्या हो उसे हल करने में उनकी विशेष भूमिका है छ.ग. से तय समय में नक्सली समस्या को जड़ से समाप्त कर दिया गया । अब श्री अमित शाह जी ने देश में नशे के खिलाफ अभियान चलाने का बीड़ा उठाया है। उड़ीसा से पिछले 25-30 वर्षो से पूरे देश में गांजे की तस्करी हो रही है जिसके खिलाफ नहरपारा विकास समिति पिछले 1 वर्ष से उड़ीसा में गांजे की खेती पर प्रतिबंध लगाने तथा उड़ीसा से पूरे देश में तस्करी रोकने की मांग कर रही है। समिति ने इस संबंध में प्रधानमंत्री श्री मोदी छ.ग. के तथा उड़ीसा के मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा है । रायपुर के सभी समाचार पत्र इस संबंध में लगातार समाचार प्रकाशित कर जनता को जागरूक कर रहे है । श्री अमित शाह के इस समस्या से जुड़ने के कारण अब यह समस्या शीघ्र हल हो सकती है। हमारी समिति श्री अमित शाह से मांग करती है कि तत्काल उड़ीसा के मुख्यमंत्री से बात करके उड़ीसा में गांजे की खेती पर प्रतिबंध लगाने की कृपा करें तथा उड़ीसा से देश के सभी राज्यों में हर वर्ष जो 500 करोड़ रूपये की गांजे की तस्करी हो रही है शीघ्र रोक लगाने की पहल करें ।

**कार्यक्रम** समाज में इसी तरह के जागरूकता और विचारों से जुड़े कार्यक्रम आगे भी होते रहने चाहिए

# पूना पैक्ट पर जागरूकता कार्यक्रम

**रायपुर 29 सितंबर।** भारतीय बौद्ध महासभा युवा प्रकोष्ठ, रायपुर एवं भारतीय बौद्ध महासभा शाखा, रोटरी नगर के संयुक्त तत्वावधान में पूना पैक्ट विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रायपुर के अलग-अलग क्षेत्रों से बच्चे महिलाएं युवा और वरिष्ठजन शामिल हुए

कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने पूना पैक्ट के इतिहास और महत्व के साथ-साथ बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संघर्ष और विचारों पर अपने विचार रखे। प्रतिभागियों ने अपने-अपने तरीके से बताया कि वे पूना पैक्ट को किस रूप में समझते हैं और बाबा साहेब के विचारों से उन्होंने क्या सीखा

पूना पैक्ट विषय पर भाषण देने वाले प्रतिभागियों को शील्ड और पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बाहर से आए जजों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियां सुनीं और पूना पैक्ट तथा बाबा साहेब के विचारों पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान वरिष्ठजनों द्वारा जजों का शॉल से सम्मान किया गया।



कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठजनों ने आयोजन की सराहना की और कहा कि समाज में इसी तरह के जागरूकता और विचारों से जुड़े कार्यक्रम आगे भी होते रहने चाहिए। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों और युवाओं को अपने इतिहास और महापुरुषों के विचारों को समझने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम में भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष भोजराज गौरखेड़े, प्रदेश महासचिव बेनीराम गायकवाड, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय गजघाटे, अंजू मेश्राम, बिम्बिसार नागार्जुन, करमन खटकर, जिला अध्यक्ष विजय गजघाटे, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मेश्राम सहित अरुण बागड़े, अभिषेक डोंगरे, कुणाल गौरे, मुकेश डोंगरे, आरजू रामटेके, सिद्धार्थ गढ़पाले, निखिल बोरकर, अमित देशभ्रतार, सुयोग सोनटक्के, कुणाल डोंगरे, रोहित गौरे, सागर बडोले, हितेश गायकवाड़, विनोद भीमटे, विजय चौहान, राहुल जनबंधु, सचिन गजभिए, अक्षय डहाट, सुशीला भीमटे, संघमित्रा गौरखेड़े, अरुणा राव, स्वाती सोनटक्के, बरखा रामटेके, प्रणाली सोनटक्के, दिशा मडामें, खुशबू डोंगरे, वैजयंती सेलारे एवं रेखा सूर्यवंशी, विनोद कुमार कोशले सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पूना पैक्ट के इतिहास और उसके महत्व को समझना तथा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना रहा।

# बदमाश दिलकश अली 6 जिलों से जिलाबदर

**रायपुर 29 सितंबर।** राजधानी में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए रायपुर पुलिस प्रशासन ने एक बार फिर कड़ा रुख अपनाया है। शहर में लगातार वारदातों को अंजाम देकर खौफ फैलाने वाले शातिर आरोपी दिलकश अली के खिलाफ छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे जिला बदर कर दिया गया है।

पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आदेश जारी किया है, जिसके तहत आरोपी को रायपुर सहित आसपास के कुल 6 जिलों की राजस्व सीमाओं से 3 महीने की अवधि के लिए निष्कासित कर दिया गया है।

आधिकारिक आदेश के अनुसार, आरोपी दिलकश अली (26 वर्ष), पिता हुमायूं अली, सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जीवन प्लाजा के पीछे, तरुण नगर का रहने वाला है। पुलिस रिकॉर्ड से खुलासा हुआ है कि वह वर्ष 2019 से लगातार गंभीर अपराधों में संलिप्त रहा है और इलाके में अपनी दहशत कायम करने की कोशिश कर रहा था। दिलकश अली का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। पुलिस के मुताबिक, उसके खिलाफ राजधानी के सिविल लाइन और पंडरी थानों में मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने, चाकूबाजी और आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर धाराओं के तहत कुल 16 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा समय-समय पर उसके खिलाफ कई बार प्रतिबंधात्मक (निरोधात्मक) कार्रवाई भी की गई, लेकिन इसके बावजूद उसकी हरकतों और व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया, बल्कि उसकी आपराधिक गतिविधियां लगातार बढ़ती ही गईं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त (मध्य क्षेत्र) ने आरोपी का पूरा आपराधिक रिकॉर्ड, उपलब्ध साक्ष्य और पुलिस प्रतिवेदन तैयार कर जांच के लिए भेजा था। समीक्षा के बाद, जनता की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 5(ख) के तहत निष्कासन का यह सख्त आदेश पारित किया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26